सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

हर खबर पर पक्की नज़र

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-254, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 25 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# दिल्ली में पहली बार 1 लाख करोड़ का बजट

## यमुना सफाई व साफ पानी के लिए 9 हजार करोड़, 10 लाख तक का इलाज फ्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके जरिए दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना और सीपेज की सफाई के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का बजट है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए 2144 हजार करोड़ का बजट रखा है। केंद्र सरकार से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज तो मिलेगा ही। साथ ही दिल्ली सरकार भी इसमें अपनी ओर से 5 लाख रुपए जोड़ रही है। यानी आयुष्मान योजना के तहत 10 लाख का इलाज मुफ्त मिलेगा।



कुछ देर की खामोशी है, फिर शोर भी आएगा, कभी तुम्हारा दौर आया था, अब हमारा दौर आएगा। यकीन हो तो कोई रास्ता निकलता है, हवा की ओट लेकर भी दीया जलता है।

**रेखा गुप्ता**
**मुख्यमंत्री, दिल्ली**

रेखा गुप्ता ने कहा- केजरीवाल ने अपने फायदे के लिए आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू नहीं होने दी। वे चाहते थे कि योजना में उनका भी नाम चलाया जाए। ताकि उनका प्रचार हो। उनके जिद की वजह से दिल्ली वासियों को सालों तक योजना का लाभ नहीं मिला। रेखा गुप्ता ने मातृत्व वंदन परियोजना के लिए 210 करोड़ रुपए का प्रावधान किया। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को एकमुश्त 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली में महिला सुरक्षा के लिए 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे।

**गरीबों को मुफ्त लैपटॉप**

गरीबों को मुफ्त लैपटॉप देंगे। 10वीं पास करने वाले 1200 बच्चों को दिया जाएगा। न्यू एरा ऑफ आंत्रप्रेन्योर प्रोग्राम के तहत 20 करोड़ रुपए का बजट है।

**योग, मेडिटेशन से जोड़े जाएंगे बच्चे**

साइंस ऑफ लिविंग प्रोग्राम है, बच्चों को योग, मेडिटेशन से जोड़ा जाएगा। डेढ़ करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। पिछली सरकारों में स्कूलों में आउट डेटेड कम्प्यूटर थे। हमने सीबीएसई के मानदंडों पर नई कम्प्यूटर लैप के लिए 50 करोड़ का फंड रखा है, स्मार्ट क्लासेस के लिए 100 करोड़ का फंड है।

**शिक्षा में सुधार के लिए 100 करोड़ रुपए**

सीएम गुप्ता ने शिक्षा में सुधार के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हमारी सरकार पंडित मदन मोहन मालवीय विज्ञान शक्ति मिशन लागू करेगी। परीक्षाओं के छात्रों को गाइड किया जाएगा। 100 स्कूलों में प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी, सभी भाषाओं को सिखाया जाएगा। 21 करोड़ रुपए का प्रावधान इसके लिए किया गया है।

# सेना के जवानों ने कसा नक्सलियों पर शिकंजा

## अब तक पांच के मारे जाने की सूचना

**बीजापुर।** दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा पर आज सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। लेकिन तीन के शव बरामद हो गए हैं। साथ ही हथियार भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ स्थल से इंसास, 303, 315 बोर बंदूक बरामद की गई है। 500 से ज्यादा जवानों ने नक्सलियों के बड़े लीडरों के घेरा है।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय ने बताया कि जिला दंतेवाड़ा और बीजापुर की सरहदी क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर निकले सुरक्षा बल की टीम के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। सुबह 8 बजे के लगभग हुई मुठभेड़ में दोनों ओर से गोलीबारी चलती रही। जहां पुलिस ने लगातार नक्सलियों के ऊपर ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इस



दौरान तीन नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद के साथ तीन नक्सलियों के शव भी बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। फिलहाल, सर्चिंग जारी है। बताया जाता है कि नक्सलियों के बड़े कैडर के जमा होने की सूचना पर करीब 500 जवान कोर इलाके में पहुंचे हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, करीब पांच नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# जस्टिस यशवंत वर्मा की नियुक्ति के खिलाफ वकीलों ने किया प्रदर्शन

**प्रयागराज।** जस्टिस यशवंत वर्मा की इलाहाबाद हाई कोर्ट में नियुक्ति के खिलाफ इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील आज से हड़ताल पर चले गए हैं। वकीलों ने हाई कोर्ट के सामने प्रदर्शन किया है। वकीलों ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट में स्थानांतरित किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया है।



# मेरठ के बाद औरैया की 'मुस्कान'

## शादी के 15वें ही दिन मरवा डाला पति... मुंह दिखाई में मिले रुपयों से बुलाए शूटर

**औरैया।** 19 मार्च को खून से लथपथ मिले हाइड्रा चालक को मरवाने की साजिश उसकी पत्नी ने ही रची थी। शादी के 15वें ही दिन प्रेमी से मिलकर भाड़े के शूटरों को सुपारी दे दी। इसके लिए मुंह दिखाई में मिले रुपयों का उपयोग किया गया। सुपारी के बचे रुपयों का लेनदेन करने के दौरान पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी, उसके प्रेमी व एक शूटर को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचे, बाइक सहित अन्य सामान बरामद किया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।






**17 मार्च को प्रेमी के साथ होटल में मिली, शारीरिक संबंध बनाए और फिर रची पति के मर्डर की खौफनाक साजिश, सुपारी किलर को एडवांस में दिए थे एक लाख रुपये**

मैनपुरी के भोगांव थाना के नगला दीपा निवासी हाइड्रा चालक दिलीप कुमार (24) की हत्या के मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। इसी दौरान सुपारी के रुपयों के लेनदेन की सूचना मिलने पर शनिवार दोपहर पुलिस ने हरपुरा के पास छापा मारा। जहां से सहार थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा व स्वाट प्रभारी राजीव कुमार ने दिलीप की पत्नी प्रगति को गिरफ्तार किया। महिला के अलावा मौके से उसके गांव हजियापुर फफूंद निवासी प्रेमी अनुराग उर्फ बबलू उर्फ मनोज यादव, अछल्दा के प्रेम नगर निवासी शूटर रामजी नागर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में प्रगति ने बताया कि प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर परिजन ने उसकी शादी बड़ी बहन के देवर दिलीप से करा दी थी। इस शादी से वह नाखुश थी। इसलिए उसने प्रेमी के साथ पति को रास्ते से हटाने के ठान ली थी। उसने दो लाख रुपये में भाड़े के शूटर बुक किए थे। बताया कि शादी में मुंह दिखाई व अन्य रस्मों के दौरान उसे मिले एक लाख रुपये उसने शूटरों को एडवांस में दे दिए।

19 मार्च को पति जब कन्नौज के उमर्दा के पास शाह नगर से हाइड्रा लेकर लौट रहे थे, तभी पलिया गांव के समीप शूटरों ने उस पर हमला किया। शूटरों ने पति के साथ मारपीट की। इसके बाद सिर के पिछले हिस्से में गोली मार दी। बाद में उसे गेहूं के खेत में फेंक दिया। पुलिस उसे अस्पताल पहुंचाया था। 21 मार्च को इलाज के दौरान दिलीप की मौत हो गई।

**पुलिस अधिकारी ने ये कही बात**

एसपी अभिजित आर शंकर ने बताया कि दिलीप को गोली किसने मारी यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पकड़े गए आरोपियों को जेल भेजा गया है। शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। लव एंगल सामने आया है। पत्नी शादी से नाखुश थी। प्रेमी से दूरी होने पर उसने ही हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों ने साजिश की बात पूछताछ में कबूल कर ली है।

## 'कुणाल कामरा की टिप्पणी किसी के खिलाफ बोलने के लिए 'सुपारी' लेने जैसी': शिंदे

**मुंबई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा के विवादित बयान पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कुणाल के कटाक्ष की तुलना किसी के खिलाफ बोलने के लिए 'सुपारी; लेने से की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कटाक्ष करते समय एक शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए, अन्यथा कार्रवाई की वजह से प्रतिक्रिया होती है। शिंदे ने सोमवार को कामरा की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि



अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और हमें भी व्यंग्य समझ में आता है, लेकिन इसकी एक सीमा होनी चाहिए।

36 साल स्टैंड-अप कॉमेडियन ने अपने शो में शिंदे का नाम लिए बिना उनके राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। उन्होंने महाराष्ट्र के एक बड़े राजनीतिक भूचाल का भी हवाला दिया था। कामरा ने फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक लोकप्रिय हिंदी गाने की पैरोडी की थी। इसमें शिंदे को बिना उनका नाम लिए 'गद्दार' कहा गया था। उन्होंने शिवसेना और एनसीपी के विभाजन सहित महाराष्ट्र में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी चुटकुले बनाए थे।

## राहुल गांधीः हाईकोर्ट ने केंद्र से कहा- चार हफ्तों में दोहरी नागरिकता पर दें जानकारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर जानकारी पेश करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को चार हफ्ते का समय दिया है। आरोप है कि राहुल गांधी के पास ब्रिटेन की नागरिकता है और यह सवाल कई वर्षों से चर्चा में हैं। इसी मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस मामले में हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव-प्रथम की खंडपीठ ने यह आदेश कर्नाटक के सामाजिक



कार्यकर्ता एस विगनेश शिशिर की याचिका पर दिया। याची ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में सीबीआई जांच की मांग भी की थी। इससे पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को राहुल गांधी की नागरिकता मामले में कार्रवाई का ब्योरा पेश करने के लिए 24 मार्च तक का समय दिया था। पहले, कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन पर क्या कार्रवाई की गई है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सैनिकों पर विवादास्पद टिप्पणी करने के मामले में आरोपी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की ओर से कोर्ट में उनके वकील ने वकालतनामा लगाया। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय की है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

## 'पीओके पर अवैध कब्जा, खाली तो करना ही होगा'

### संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को फिर लताड़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** एक बार फिर पाकिस्तान ने खुद अपनी बेइज्जती करवा ली है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने कश्मीर का जिक्र किया जिसके बाद भारत ने उसे जमकर लताड़ लगाई। भारत की ओर से साफ कहा गया कि पाक अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तान का अवैध कब्जा है और उसे इस हिस्से को खाली करना ही होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से झूठे दावे करता रहा है।



पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा जम्मू कश्मीर के लेकर झूठ बोलता रहा है। जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के कुछ क्षेत्रों पर पाकिस्तान का अवैध रूप से कब्जा है और उसे तुरंत इन क्षेत्रों को खाली करना होगा। भारत ने यह भी कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को समर्थन देना बंद करे।

पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ अनुचित टिप्पणी की थी। इसके जवाब में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातें बार-बार दोहराने से ना तो अवैध दावे प्रमाणित होते हैं और ना ही सीमा पार आतंकवाद को उचित ठहराया जा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने पड़ोसी मुल्क को सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान को सलाह देंगे कि वह अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को चलाने के लिए इस मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश ना करे।

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने इस बात पर जोर दिया था कि भारत और अफगानिस्तान के बीच रिश्ता सदियों पुराना रहा है। उन्होने कहा था कि भारत और अफगानिस्तान के लोगों के बीच एक विशेष रिश्ता है जो हमारे वर्तमान जुड़ाव का आधार रहा है। हरीश ने कहा था कि भारत अफगानिस्तान में स्थिरता एवं शांति बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

मंगलवार, 25 मार्च, 2025 www.nnindianews.com



# आगरा में गोरक्ष पीठाधीश्वर के रूप में दिखेंगे सीएम योगी

## राजा की मंडी स्थित दरियानाथ मंदिर में होगी शंखढाल धर्मसभा

एनएनआई

**आगरा।** श्री दरियानाथ मंदिर राजामंडी में नाथ संप्रदाय के ब्रह्मलीन महंत योगी सिद्धनाथ के शंखढाल कार्यक्रम आज से शुरू हो रहा है। एक हजार से ज्यादा साधु आ चुके हैं। 26 को मुख्य अतिथि नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को बग्घी में बिठाकर लाया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष योगी पीर बालकनाथ महाराज व महंत पीर योगी शेरनाथ महाराज सहित 18 रमतों के संत भी शामिल होंगे। महंत दीदारनाथ और संपूर्णानंद ने बताया कि योगी आदित्यनाथ भैरों बाबा का पूजन करके धर्मसभा को भी संबोधित करेंगे। इस मौके पर पीयूष श्रीवास्तव, आलोक खंडेलवाल, दीपू खंडेलवाल, गणेश भारद्वाज, सौरभ तिवारी, भूपेश कालरा, केके अग्रवाल, मन्नू महाजन आदि मौजूद रहे।

**26 मार्च को आ रहे सीएम योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 मार्च को आगरा आ रहे हैं। अपनी सरकार के आठ साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री जीआईसी मैदान पर आयोजित सुशासन मेले में शामिल होंगे। वह 635 करोड़ रुपये के 128 कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। वह राजामंडी स्थित दरियानाथ मंदिर में आयोजित शंखढाल कार्यक्रम और धर्मसभा में भी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा में 26 मार्च को दो कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पहला कार्यक्रम राजामंडी स्थित दरियानाथ मंदिर पर बाबा सिद्धनाथ की स्मृति में होगा। इसे शंखढाल नाम दिया गया है। यहां पर सीएम योगी नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर के रूप में शामिल होंगे। यहां पर सबसे पहले सीएम योगी 500 वर्ष प्राचीन बाबा भैरवनाथ के दर्शन-पूजन करेंगे।

**होंगे विभिन्न अनुष्ठान**

उसके बाद धर्मसभा को संबोधित करेंगे। शंखढाल कार्यक्रम के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इसके लिए परिसर में केसरिया और सफेद रंग से पंडाल तैयार किया जा रहा है। मंदिर की दीवारों को केसरिया रंग में रंगा गया है। दूसरा कार्यक्रम सरकार के आठ साल पूरे होने पर जीआईसी मैदान पर लगाई गई प्रदर्शनी है। इसे देखने के साथ मुख्यमंत्री योगी यहीं पर 635 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वह जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

**नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण**

नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल सोमवार को सुबह दरियानाथ मंदिर का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को मंदिर परिसर और आसपास सभी व्यवस्थाएं समय से पूरा करने के निर्देश दिए। मंदिर तक जाने वाली सड़क, डिवाइडर और फुटपाथ की व्यवस्थाएं देखीं।





### मुख्यमंत्री पौने तीन घंटे रहेंगे


मुख्यमंत्री का कार्यक्रम सोमवार रात प्रशासन के पास पहुंच गया। 26 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौने तीन घंटे आगरा में रहेंगे। वह दोपहर 12 बजे गोरखपुर से आगरा के खेरिया एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से 12:20 बजे राजामंडी स्थित दरियानाथ मंदिर पहुंचेंगे। वहां एक घंटे तक रहेंगे। दोपहर 1:20 बजे वह जीआईसी मैदान जाएंगे। यहां पर एक घंटे तक रहेंगे। दोपहर 2:30 बजे एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2:50 बजे मुख्यमंत्री खेरिया एयरपोर्ट से लखनऊ की बीकेटी हवाई पट्टी के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीआईसी मैदान पर आगरा विकास प्राधिकरण के 5 कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

# स्टेट कापरेटिव ओलम्पियाड का आयोजन करेगा बलवंत विद्यापीठ

**आगरा** एनएनआई। बिचपुरी स्थित बलवन्त विद्यापीठ रूरल इंस्टीट्यूट को भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ एवं सहकारी मन्त्रालय भारत सरकार के सहयोग से स्टेट कापरेटिव ओलम्पियाड का आयोजन कर रहा है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारी शिक्षा, प्रशिक्षण एवं प्रबंधन का प्रचार-प्रसार और विचार विमर्श करना है। कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ एवं सहकार भारती उत्तर प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में लगभग 7 अन्य कालेज एवं 4 अन्य विश्वविद्यालय भाग लेने वाले है। यह जानकारी आयोजन सचिव प्रो परवेन्द्र कुमार सिंह एवं प्राचार्य प्रो सीमा भदौरिया ने दी।

# बिहार कैडर में आईएएस रही निशा ग्रेवाल मथुरा में बनीं एसडीएम सदर

एनएनआई



**मथुरा।** सदर तहसील में जिलाधिकारी सीपी सिंह ने 2021 बैच की क्अर निशा ग्रेवाल की उप जिला अधिकारी सदर के पद पर तैनाती की है। इससे पूर्व इस पद पर तैनात आईएएस रिंकू राही को जनपद से कार्य मुक्त कर दिया गया है। समीपवर्ती राज्य हरियाणा के भिवानी जनपद की मूल निवासी क्अर निशा ग्रेवाल इससे पूर्व बिहार के मोतिहारी जिले में एसडीम के रूप में 15 माह कार्य कर चुकी है। केंद्र सरकार ने उनके मूल कैडर बिहार को बदलकर यूपी कैडर में स्थानांतरित कर दिया है। नवागत उप जिला अधिकारी निशा ग्रेवाल ने सोमवार को जिलाधिकारी सीपी सिंह के समक्ष पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने अनौपचारिक वार्ता में बताया कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण करना उनका मुख्य कार्य रहेगा। इसके अलावा वह जन समस्याओं के निराकरण पर अपना पूरा फोकस रखेंगी। पॉलिटिकल साइंस से ग्रेजुशन करने वाली निशा ने अपने पहले प्रयास में ऑल इंडिया रैंक 51 हासिल कर आईएएस बनने का सपना पूरा कर लिया। उस समय उनकी उम्र सिर्फ 23 साल थी। निशा ग्रेवाल ने बताया कि उन्होंने यूपीएससी एग्जाम की तैयारी के लिए एनसीईआरटी की किताबों से अपना बेस मजबूत किया और इसके बाद स्टैंडर्ड बुक्स से तैयारी की। आईएएस निशा ग्रेवाल ने 12वीं की परीक्षा अच्छें अंकों से पास करने के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने पॉलिटिकल साइंस में बीए ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की है।

# हाथरस के 'अय्याश' प्रोफेसर के खुलेंगे राज

एनएनआई

**हाथरस।** छात्राओं का यौन शोषण करने के आरोपों के साथ पुलिस यह भी जानकारी करने की कोशिश कर रही है कि प्रोफेसर रजनीश के छात्राओं के यौन शोषण करने की वीडियो को किसने लीक किया। इसके लिए पुलिस कड़ियों को जोड़ रही है।

दो साल पहले रजनीश ने अपने व्यक्तिगत कार्यों के लिए प्रयोग में किए लाने वाले लैपटॉप को कॉलेज में लाना शुरू किया था। माना जा रहा है कि इसी से किसी ने पेन ड्राइव के जरिये उन्हें कॉपी किया। रजनीश के केबिन की चाबियां किस-किस के पास रहती थीं, इसकी जानकारी पुलिस कर रही है, उनसे भी पूछताछ की जा सकती है।

पुलिस के अनुसार प्रोफेसर रजनीश करीब 17 साल से छात्राओं के साथ यौन शोषण कर रहा था, लेकिन कभी उसकी करतूत सामने नहीं आ सकी। जांच में सामने आया है कि प्रोफेसर रजनीश ने विगत दो वर्ष पहले अपने व्यक्तिगत लैपटॉप को कॉलेज में लाना शुरू किया था। लैपटॉप के साथ एक पेन ड्राइव भी अपने साथ लेकर आता था। जब वह कक्षा में जाता तो केबिन बंद कर चाबी अपने साथ ले जाता था। कुछ जरूरी दस्तावेज की जरूरत होने या कॉलेज का कोई काम होने पर वह चाबी स्टाफ को देकर भेज देता था।

कॉलेज के डेस्कटॉप कंप्यूटर में दिक्कत आने पर कॉलेज के कार्य भी उसके लैपटॉप से होने लगे थे। पुलिस का मानना है कि इसी दौरान लैपटॉप व पेन ड्राइव में रखी यौन शोषण संबंधी वीडियो किसी स्टाफ के व्यक्ति ने देख ली और उसे कॉपी कर पीड़िताओं तक पहुंचा दी। इसके बाद से ही पीड़िता ने शिकायत करनी शुरू की। उसके बाद ये प्रबंधन और अधिकारियों तक शिकायत के साथ दिए गए।

प्रोफेसर रजनीश कुमार का मोबाइल पिछले दिनों खराब हो गया था। उन्होंने इसे शहर की मोबाइल रिपेयरिंग शॉप पर ठीक कराया था। एक अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि मोबाइल ठीक करने वाले को वीडियो देखे हो और उन्हें वायरल कर दिया।

# भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कराना ही लक्ष्यः पं. धीरेंद्र शास्त्री

एनएनआई

**मथुरा।** वृंदावन में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने वृंदावन प्रवास के दौरान कई धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचे। सबसे पहले वे अपने शिष्य के घर पहुंचे और एक दिन वहां रहने के बाद तटिया स्थान गए। जहां उन्होंने महाराज जी से मिलकर उनका स्वास्थ्य हाल जाना। यहां कुछ समय व्यतीत करने के बाद वे मलूक पीठ पहुंचे और भागवत राजेंद्र दास महाराज से भेंट की। इसके बाद वे पुंडरीक गोस्वामी के आश्रम पहुंचे और उनसे भी मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करवाना है।



उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि हिंदू सनातन संस्कृति के प्रति आस्था रखने वाले लोग खुद ही इस संकल्प में शामिल हों। इसी कारण वह लगातार हिंदू राष्ट्र के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जल्द ही ब्रज क्षेत्र को मांस और मदिरा मुक्त करने के उद्देश्य से एक पदयात्रा शुरू की जाएगी। हालांकि यात्रा कब से शुरू होगी इसका कोई निश्चित समय नहीं बताया। बोले, इसी साल यह यात्रा शुरू होगी। कुरुक्षेत्र में संतों पर हुए हमले की भी उन्होंने निंदा की और इस मामले में कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## विवाहिता की मौत पर सवाल

# सुलगी चिता से निकाली हड्डियां, मिलीं टूटी चूड़ियां

एनएनआई



**आगरा।** थाना ताजगंज क्षेत्र के श्यामो गांव में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। ससुराल वालों ने बिना सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सूचना पर आए मायके वालों पहुंचे। उन्होंने हंगामा किया। पुलिस मौके पर पहुंची। श्मशान घाट में चिता से पुलिस ने हड्डियां और चूड़ियां बरामद कीं। पति को हिरासत में लिया है।एसीपी ताजगंज सैयद अरीब अहमद ने बताया कि धौलपुर राजस्थान की रहने वाली 26 वर्षीय काजल की शादी करीब सात साल पहले श्यामो निवासी सोमदत्त के साथ हुई थी। दो बच्चे हैं। ग्रामीणों से मायके वालों को सूचना मिली कि काजल की मौत हो गई थी। ससुरालीजन गांव के ही मरघट में अंतिम संस्कार करने गए हैं। मायके वाले जब तक आगरा आए अंतिम संस्कार किया जा चुका था। ससुरालीजनों ने हंगामा किया। सूचना पुलिस आ गई।

पुलिस श्मशान में पहुंची। वहां चिता सुलग रही थी। शव राख हो चुका था। पुलिस ने पानी डलवाया। मौके से जबड़ा और कुछ हड्डियां ही बरामद की जा सकीं। काजल की चूड़ियां मौके पर मिलीं। पुलिस उसकी ससुराल पहुंची। पति मिल गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसने पुलिस को बताया कि पत्नी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की थी। लोगों ने उन्हें डरा दिया। पुलिस केस हो जाएगा, इस डर से उसने अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने चिता के पास से जो चूड़ियां बरामद कीं वैसी ही चूड़ियां घर पर भी मिलीं। उन्हें साक्ष्य के रूप में रखा गया है। काजल के परिवारीजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा लिखा है।

# पत्नी की लाठी से पिटाई पर बहन को बाल पकड़कर घसीटा

## एक ही परिवार के बीच जमकर चले लाठी डंडे

एनएनआई

**आगरा।** बाह में गेहूं की सिंचाई के लिए पानी न देने पर बाह के किंदरपुरा गांव में सोमवार की शाम एक ही परिवार के बीच जमकर डंडे चले। मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें जमीन पर गिराकर पीटी जा रही महिला को बचाने के लिए उसके ऊपर ही पति लेट गया। फिर भी लोग डंडे से पिटाई करते रहे। पिटाई के दौरान युवक की पत्नी और बहन जमीन पर गुत्थम गुत्था हुई। बहन को बाल पकड़ कर घसीटे जाने के बाद उन्हें अलग किया जा सका।



पिटाई के दौरान युवक बहन को लातें मारते हुए दिख रहा है। सिंचाई के पानी को लेकर हुए विवाद में परिवार के लोग बेबी को जमीन पर गिराकर डंडों से पीटते हुए दिख रहे हैं। पति शैलेंद्र पत्नी को बचाने के लिए उसके ऊपर लेट गया। इसके बाद भी मारपीट होती रही। मौके पर मौजूद लोग तमाशबीन बने दिख रहे हैं। मारपीट के दौरान गाली गलौज के बीच बेबी बेटी से वीडियो बनाने के लिए बोलती हुई सुनाई दे रही है। बेबी ने बाह पुलिस को बताया कि पति शैलेंद्र ने गेंहू के खेत में पानी देने से मना किया तो परिवार के लोगों ने डंडों से पहले उसे पीटा। बचाने पर पति की पिटाई की है। एसओ बाह सुरेश चंद ने बताया कि घायल महिला का मेडिकल कराया है। अभी दूसरे पक्ष से कोई घायल थाने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मेडिकल रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।



## अधीक्षण अभियंता ने समाप्त कराया किसानों का धरना

**एत्मादपुर** एनएनआई। उप खंड अधिकारी (विद्युत) धर्मेन्द्र सिंह राजपूत के कार्यालय के गेट पर चल रहा किसानों का धरना बीती रात आठ बजे अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा ने समाप्त करा दिया। किसान बीते तीन दिन से विभागीय समस्याओं के समाधान की मांगों को लेकर सिस्टम सुधार संगठन के अध्यक्ष अंशुमन ठाकुर के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा ने बताया कि किसानों के साथ वार्ता के बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त हो गया है।

# पीड़ित महिलाओ को नही लगाने होंगे थानों के चक्कर

एनएनआई

**आगरा।** जिले की तीन महिला रिपोर्टिंग चौकियों में थानों की तरह कामकाज होगा। इसी सप्ताह यहां स्टाफ की तैनाती हो जाएगी। कुल मिलाकर महिलाओं को महिला थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

जिले की तीन महिला रिपोर्टिंग चौकी बाह, किरावली और लोहामंडी में विस्तार किया जा रहा है। अब ये तीनों रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों में थानों की तरह ही कामकाज होगा। पुलिस आयुक्त की ओर से यहां स्टाफ तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं इसी सप्ताह इन चौकियों में स्टाफ की तैनाती हो जाएगी। पर्याप्त स्टाफ होने के कारण यहां दर्ज होने वाले मुकदमों की जांच यहीं से हो सकेगी। कुल मिलाकर पीड़ित महिलाओं को थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। रिपोर्टिंग चौकियां होने के बाद भी करीब दो साल से इन चौकियों पर नियमित एफआईआर दर्ज नहीं हो पा रही थीं। ऐसे में महिलाओं को महिला थाने के चक्कर लगाने पड़ते थे।सामान्य चौकियों की तुलना में रिपोर्टिंग चौकियां अलग होती हैं। इन चौकियों को एफआईआर दर्ज करने का अधिकार होता है। कुल मिलाकर थाने न जाकर पीड़ित रिपोर्टिंग चौकी पर जाकर मुकदमा दर्ज करा सकता है। हालांकि इन मुकदमों की जांच थाने स्तर से ही होती है।नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक रिपोर्टिंग चौकी पर्याप्त स्टाफ तैनात रहेगा।

महिला अपराधों को देखते हुए शहर मे अभी बाह, किरावली और लोहामंडी महिला रिपोर्टिंग चौकियों बनाई जायेगी लंबे समय से इन चौकियों पर एफआईआर दर्ज नहीं हो रही थीं। अब इन चौकियों में थाने की तरह ही कामकाज होगा। इसका लाभ सीधे क्षेत्रीय महिलाओं को मिलेगा। इसी सप्ताह स्टाफ की तैनाती हो जाएगी। -

**सुकन्या शर्मा**
**एसीपी महिला सुरक्षा।**


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन


# कंस मेला में जबाबी रसिया सुनने रातभर उमड़ी भीड़, आज दंगल

एनएनआई

**एत्मादपुर।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय कंस मेला में दो दिवसीय जबाबी रसिया मुकाबले का शुभारंभ बीती रात्रि नौ बजे राजकीय आदर्श विद्यालय के मैदान पर पालिकाध्यक्ष डा सुरेश चंद्र कुशवाहा ने किया। इस के बाद छाता (मथुरा) के नारायण अखाड़ा और खिच्चो आटे वाला अखाड़ा (हाथरस) के गायकों ने अपनी लोक गायगी से रातभर हजारों दर्शकों की भीड़ का मनोरंजन किया। मुकाबला आज रात्रि भी चलेगा। आज दोपहर दो बजे से राजकीय आदर्श विद्यालय के



मैदान पर इनामी कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा।

सोमवार को तीसरे दिन कंस मेला में भीड़ में इजाफा हो गया। मीना बाजार में महिलाओं ने खूब खरीदारी की। लाल डिग्गी, अंबेडकर पार्क और पुरानी तहसील में लगे विभिन्न आसमानी झूलों पर भारी भीड़ रही। लाल डिग्गी में भीड़ को नियंत्रित करने करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। रात्रि नौ बजे शुरू हुआ दो दिवसीय जवाबी रसिया मुकाबला सुबह भोर होने तक चला। आसपास और दूरदराज से आए श्रोताओं की भीड़ ने खूब आनंद लिया। संचालक भाजपा नेता श्याम सोलंकी ने गायक अखाड़ों को 40-40 मिनट का समय दिया। मेला अधिकारी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने बताया कि आज दोपहर दो बजे से राजकीय आदर्श विद्यालय मैदान पर परंपरागत इनामी कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। जबाबी रसिया मुकाबला आज रात्रि को भी जारी रहेगा।

**नाल प्रतियोगिता में हाथरस के पहलवान ने मारी बाजी**

नगला रामबक्स में नाल प्रतियोगिता में हाथरस के बैराइटी पहलवान ने 118 किलो ग्राम का बजनी नाल उठा कर प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी ली। दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश के सतेंद्र पहलवान और तीसरे पर आगरा के ईलू पहलवान रहे।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

05

मंगलवार, 25 मार्च, 2025 www.nnindianews.com

# एसएन बना क्षय रोग उपचार के लिए अग्रणी चिकित्सा संस्थान

- एसएन में टीबी मरीजों को बीपालएम रेजिमेन की दवा खिलाकर नवीन निदान पद्धति की शुरूआत

एनएनआई




**आगरा।** विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस पर एसएन मेडिकल कॉलेज में जनभागीदारी, जन जागरूकता, टीबी के नवीनतम निदान और उपचार पद्धतियों से संबंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने मल्टी-ड्रग रेजिस्टेंट टीबी (एमडीआर-टीबी) तथा प्री एक्सडीआर टीबी के उपचार के लिए नवीनतम बीपालएम रेजीमेन का ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के मरीज को रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की ओपीडी में दवा खिला कर आगरा में शुभारंभ किया। डा. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि एसएन मेडिकल कॉलेज क्षय रोग के लिये नवीनतम उपचार पद्धति को अपनाने वाला अग्रणी चिकित्सा संस्थान बन गया है, जिससे क्षय रोग उन्मूलन 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह, अध्यक्ष स्टेट टीबी टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश एवं विभागाध्यक्ष, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, एसएन मेडिकल कॉलेज ने बताया कि यह छह महीने का पूरी तरह से ओरल उपचार है, जो अत्यंत प्रभावी है, इसके दुष्प्रभाव बहुत की कम हैं। इसकी सफलता दर 90% से अधिक है। एसएन मेडिकल कॉलेज देश की उन पांच सेंटर्स में से एक है जहां बीपालएम रेजिमेन का परीक्षण किया गया था। इस अवसर पर पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन में एक संवेदीकरण सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनभागीदारी, जन जागरूकता, टीबी के नवीनतम निदान और उपचार पद्धतियों पर केंद्रित था। उप प्रधानाचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा टी पी सिंह की अध्यक्षता में इस सीएमई में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, मेडिसिन विभाग तथा अन्य विभाग के विशेषज्ञों, चिकित्सा संकाय के सदस्यों और क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। डॉ. पी के माहेश्वरी, विभागाध्यक्ष, न्यूरोलॉजी विभाग ने कहा कि टीबी उन्मूलन में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।

कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी मेडिसिन की विभागाध्यक्ष डा. रेनु अग्रवाल एवं ऐनटीईपी कोर कमेटी के नोडल अफसर डा. संतोष कुमार ने किया। जिसमें टीबी के लक्षण एवं उपचार पर चर्चा की गई। स्कूल ऑफ नर्सिंग, एसएन मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य के नेतृत्व में नर्सिंग की छात्राओं ने क्षय रोग पर एक नुक्कड़ नाटक एवं जागरुकता रैली निकालकर भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया।

# ब्रज संस्कृति की दिखी झलक, लाइव क्लास से मेकअप के टिप्स

## ब्रज फैशन शो और नृत्य कार्यक्रम का आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** ब्रज रिकॉर्ड के बैनर तले जेपी सभागार खंदारी परिसर में ब्रज फैशन शो और नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रज के कलाकारों ने अपने नृत्य एवं फैशन के जलवे बिखेरे। प्रतियोगिताओं में नेल आर्ट, मेहंदी, मेकअप, नृत्य के साथ फैशन के राउंड्स हुए जिनमें पूरे ब्रज से जिसमें आगरा के अलावा, मथुरा, फिरोजाबाद, जलेसर, भरतपुर, अलीगढ़, हाथरस,एटा, मैनपुरी, इटावा आदि जगहों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्टेज पर लाइव क्लास में जितेंद्र श्रीवास्तव ने मेकअप के टिप्स दिए। नृत्य प्रतियोगिता के लिए मुंबई से रोजा राना डांस इंडिया डांस, इंडियंस बेस्ट डांसर निर्णायक में थी, कमल के पार्टिसिपेंट्स थे। फैशन के राउंड्स में प्रश्न ब्रज से संबंधित पूछे गए, प्रतियोगिता में प्रथम सुहानी द्वितीय नायरा शर्मा, तृतीय शालू गुप्ता रहीं। निर्णायक में मिसेज इंडिया द गोड्स बबीता वर्मा थी जो की मैनपुरी से आई थीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में फिल्म लेखक निर्देशक सूरज तिवारी, दिल्ली से आए अल्लू अर्जुन के लुक लाइक निशांत, प्रोड्यूसर एक्ट्रेस प्रियंका, मैगजीन ग्लोबल के विशाल भार्गव थे। ब्रज रिकॉर्ड्स के शिव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मुख्य ऑर्गेनाइजर हिमांशी यादव जलेसर से थी। कार्यक्रम की एंकर जीत राज एवं निक्की सिंह ने की। ब्रज जसराना की इन्फ़्लुएंसर्स हिना भारती ने कार्यक्रम में शोभा बढ़ाई। विशु सिंघानिया ने व्यवस्थाएं संभालीं। अंश करण फिल्म्स ने कार्यक्रम को सजाने में भूमिका निभाई। ब्रज का ये कार्यक्रम अनूठी पहल लिए होने के साथ-साथ अलग रंग लिए हुए था।




## नंद-नंदन गर्ग प्रांतीय उपाध्यक्ष, आशीष कोषाध्यक्ष बने

**आगरा (एनएनआई)।** संस्कार भारती, ब्रज प्रान्त की गगन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, आगरा मार्ग पर आयोजित प्रांतीय विशेष साधारण सभा में वर्तमान त्रैवार्षिक सत्र के लिए आगरा से नंद-नंदन गर्ग को प्रांतीय उपाध्यक्ष, आशीष अग्रवाल को प्रांतीय कोषाध्यक्ष, डॉ. मनोज कुमार पचौरी को प्रांतीय मंत्री, कवि डा. केशव कुमार शर्मा को प्रांतीय साहित्य संयोजक, इंजीनियर प्रखर अवस्थी को प्रांतीय प्रचार प्रमुख और ओम स्वरूप गर्ग को प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। यह समाचार प्राप्त होने पर आर्किटेक्ट राजीव द्विवेदी, प्रेमचन्द अग्रवाल सुपारी वाले, तपेश जैन, संदीप गोयल, श्याम तिवारी, घनश्याम दास अग्रवाल, सरजू बंसल, जय रामदास होतचांदनी, महेंद्र खंडेलवाल, नवीन फौजदार, डी सी भुकेश नीरज अग्रवाल, आशीष जैन, सुरेश चंद्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, नवीन गौतम, संजय कपूर, नरेंद्र पुरसनानी जेठा भाई, प्रदीप सिंघल, अमित बंसल, अनूप अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद शर्मा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# सभी धर्म श्रेष्ठ हैं, मानवता सर्वश्रेष्ठ : बंसल

- आश्रम के तृतीय स्थापना दिवस पर होगा शहीद सम्मान समारोह
- स्थापना दिवस के आमंत्रण पत्र का ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने किया विमोचन

एनएनआई




**आगरा।** बाबा शिव प्रकाश वृद्धाश्रम ट्रस्ट द्वारा संचालित ॐ शिव सेवा धाम असहाय आश्रम, खंदौली के पदाधिकारियों ने तृतीय स्थापना दिवस के कार्यक्रम का सोमवार को पोस्टर विमोचन किया। संस्थापक सचिव देवेश पचौरी ने बताया कि 26 मार्च को आश्रम के स्थापना दिवस उत्सव में आश्रम में शहीद सम्मान समारोह, वार्षिक पत्रिका विमोचन व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

संस्थापक विनोद कुमारी पचौरी व अध्यक्ष दिनकर बंसल ने बताया कि सभी धर्म श्रेष्ठ हैं, मानवता सर्वश्रेष्ठ है। स्थापना दिवस पर आश्रम की वार्षिक पत्रिका के तृतीय अंक के मुख्य पृष्ठ का विमोचन सेवक दल किया जाएगा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, कन्हैयालाल गुप्ता, संजय गुप्ता, राजीव गोयल, कृष्णकांत शर्मा, अनिल अग्रवाल, संदीप सैनी, विष्णु अग्रवाल, सनी जिंदल, इं. विश्वास सिंघल, एड. निखिल शर्मा, विशाल अग्रवाल, हेमंत निगम आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने किया नृत्य, बच्चों ने गायन

## श्री माथुर चतुर्वेदी समाज ने होली मिलन का किया आयोजन




**आगरा (एनएनआई)।** श्री माथुर चतुर्वेदी समाज आगरा का होली मिलन समारोह युवा चतुर्वेदी मंच द्वारा विजय नगर कॉलोनी स्थित विजय क्लब में किया गया। समाज के बुजुर्गों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की । बच्चों के बाल होली गायन का कार्यक्रम किया गया। तत्पश्चात समाज की महिलाओं ने होली गायन प्रस्तुत किया एवं चतुर्वेदी समाज का परम्परागत होली गायन पुरुषों ने किया । आखिरी में लक्की ड्रा एवं होली गायन वाले बच्चों पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में युवा चतुर्वेदी मंच के अध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी, महामंत्री अक्षय चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष सुमित चतुर्वेदी, मोहित चतुर्वेदी, शुभम चतुर्वेदी, गौरांग चतुर्वेदी,पार्थ चतुर्वेदी, अंकुर चतुर्वेदी ,प्रखर चतुर्वेदी,सूर्यांश चतुर्वेदी आदि के साथ साथ समाज के तमाम मुख्य लोग उपस्थित रहे।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
आगरा

# नागपुर के दीक्षा भवन के स्वरूप में सजेगी भीमनगरी

- बौद्ध रीति-रिवाजों से हुआ भीमनगरी का भूमि पूजन
- सांची के स्तूप का होगा मुख्य प्रवेश द्वार

एनएनआई



**आगरा।** डा. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती आवास विकास कॉलोनी पर सजने जा रही है। इस बार नागपुर के ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थ स्थल दीक्षा भवन के स्वरूप में भीमनगरी सजेगी। भीमनगरी समारोह आयोजन समिति ने भीमनगरी के लिए सोमवार को सेक्टर-11 के मैदान में बौद्ध रीति-रिवाजों से भंते बोधि रतन और भंते ज्ञान दीप ने मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, विधायक डा. जीएस धर्मेश, पूर्व विधायक कालीचरण सुमन, सुनील चित्तौड़, पूर्व एमएलसी धर्मप्रकाश भारतीय, केंद्रीय भीमनगरी समिति के मुख्य संरक्षक एडवोकेट करतार सिंह भारतीय, अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, महामंत्री श्याम जरारी के हाथों पुष्प अर्पित कर भूमि पूजन कराया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय सिंह कर्दम ने बताया कि आंबेडकर जयंती शोभायात्रा इस वर्ष 14 अप्रैल की शाम को शहर में निकलेगी और 15 से 17 अप्रैल तक आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-11 के मैदान में भीमनगरी का दीक्षा भूमि महल बनेगा। भीमनगरी में मुख्य प्रवेश द्वार साँची के स्तूप के स्वरूप का होगा। महासचिव ई. महेश चन्द्र ने बताया कि भीम नगरी के महल को बनाने के लिए कोलकाता से 80 से अधिक कारीगर आगरा पहुंच रहे है। महल 60 फीट ऊंचा और 120 फीट चौड़ा होगा। महल के आगे जमीन से छह फीट ऊंची, 100 फीट लंबी और 50 फीट चौड़ी स्टेज बनाई जाएगी। इसके आगे दो फव्वारे और सजावट के लिए पुष्प गमले लगाए जाएंगे। इस अवसर पर संरक्षक डॉ. रामजीलाल, उपाध्यक्ष हाकिम सिंह, शीतल प्रसाद गौतम, कोषाध्यक्ष आरएन सिंह, जेपी सिंह, अमर सिंह एडवोकेट, रमेश चंद्र, गंगा सिंह, ध्रुव कुमार, मलखान सिंह, रतन सिंह, खेम बाबू, प्रताप सिंह राना, आरए गौतम, मुरारी लाल नंदन, किशन लाल, राजेंद्र टाइटलर, अजेंद्र सिंह सूर्या आदि मौजूद रहे।

### 2 करोड़ 32 लाख के विकास कार्यो का हुआ शिलान्यास

भूमि पूजन स्थल पर महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने भीम नगरी आयोजन 2025 के स्वीकृत 2 करोड़ 32 लाख के अंतर्गत 10 विकास कार्यों का शिलान्यास कर भूमि पूजन किया। शिलान्यास के दौरान पार्षद प्रवीणा राजावत, गौरव शर्मा, संजू सिकरवार, गजेंद्र पिप्पल, निरंजन सिंह और बाईपुर प्रधान मनीष यादव साथ रहे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे भीमनगरी का उद्घाटन

आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय सिंह कर्दम ने बताया कि आगरा में पहली बार 15 अप्रैल को भीम नगरी का उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे। इसके लिए आयोजन समिति को मुख्यमंत्री के आने का समय मिला है।

# जागरूकता और आत्मनिर्भरता ही महिलाओं को बनाएगी सशक्त




- महिला मानसिक स्वास्थ्य, कानून और विकास पर विशेष वार्ता

एनएनआई

**आगरा।** मिल्टन पब्लिक स्कूल में 'नारी शक्ति उत्सव' का आयोजन किया गया। जिसमें महिला मानसिक स्वास्थ्य, कानूनी अधिकार और सतत विकास जैसे विषयों पर चर्चा आयोजित की गई।

अध्यक्षता एडवोकेट चंचल गुप्ता (संस्थापक/अध्यक्ष, टंल्लल्ल की उड़ान फाउंडेशन) ने की। उन्होंने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, उनके अधिकारों और समाज में उनकी भूमिका पर गहन विचार साझा किए। इस अवसर पर मिल्टन पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. राहुल राज, प्रधानाचार्या डॉ. प्राची राज, शिक्षिकाओं सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से निपटने के लिए खुली बातचीत, सही परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों तक आसान पहुंच को प्राथमिकता देने की जरूरत है। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, कार्यस्थल पर सुरक्षा, घरेलू हिंसा और लैंगिक समानता से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि जागरूकता और आत्मनिर्भरता ही महिलाओं को सशक्त बना सकती हैं। कविता राजवानी (सचिव), नीरा थापर (कोषाध्यक्ष), अंकिता जैन (उपाध्यक्ष), पवन सिसोदिया (संयुक्त सचिव), विमल कुमार (मीडिया समन्वयक), एडवोकेट ऋतिक वार्ष्णेय (कानूनी सलाहकार), मनीष अग्रवाल (कार्यकारी सदस्य), मिली अरोड़ा, संगीता गुप्ता ,सीमा द्विवेदी, इसके अतिरिक्त, रश्मि मिश्रा, प्राची दुबे और प्रांशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं और महिलाओं के अधिकारों एवं मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार साझा किए।

# लॉयंस क्लब ने लगवाई सैनिटरी पैड डिस्पोजल मशीन

- गढ़ी भदौरिया स्थित वैजंती देवी इंटर कॉलेज में स्मार्ट क्लास के लिए लगी टीवी

एनएनआई

**आगरा।** बेटियों की सेहत की सुरक्षा के साथ पर्यावरण की चिंता समाज के हर वर्ग के व्यक्ति का प्रथम कर्तव्य है। महावारी के उन दिनों की गंदगी को अपने अंदर सोखने वाले सैनेटरी नैपकिन पर्यावरण के लिए चिंता का विषय हो सकते हैं। इसके निस्तारण के लिए आवश्यक है विशेष इंतजाम। इसी विचार को समझते हुए लॉयंस क्लब प्रयास ने मासिक सेवा कार्य संपन्न किया। गढ़ी भदौरिया स्थित वैजयंती देवी इंटर कॉलेज की छात्राओं के लिए लॉयंस क्लब प्रयास ने सैनेटरी नैपकिन डिस्पोजल मशील प्रदान की। साथ ही स्कूल की स्मार्ट क्लास के लिए एलईडी टीवी भी लगवाई। अध्यक्ष अशु मित्तल ने बताया कि छात्राओं के लिए सैनेटिरी नैपकिन का निस्तारण बहुत बड़ी समस्या होती है। उनकी सहुलियत के लिए मशीन लगवाई है। डॉ. रचना अग्रवाल ने बताया कि एक शोध के अनुसार सैनेटरी नैपकिन 800 वर्षों तक डिस्पोजल नहीं होता। ये कल्पना भी डरा जाती है कि हम कितना बड़ा पहाड़ सैनेटरी नैपकिन का बनाते जा रहे हैं। जबकि महावारी का रक्त तमाम संक्रमणों से ग्रसित होता है। डॉ. परिणीता बंसल ने कहा कि सैनेटरी नैपकिन डिस्पोजल मशीन में एक दिन में 300 से 500 पैड निस्तारित हो सकते हैं। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं को महावारी के दिनों में स्वच्छता कैसी रखी जाए, इसके बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष शिप्रा बंसल, मीनाक्षी मोहन, आशु जैन आदि उपस्थित रहीं।



# प्लास्टिक प्रीमियर लीग अंतर्गत युद्ध स्तर पर अभियान जारी

एनएनआई

**आगरा।** आगरा नगर निगम के नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल के निर्देशन में अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र प्रसाद यादव, पर्यावरण अभियंता पंकज भूषण, सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम के नेतृत्व में डॉ. बलजीत सिंह सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन की अध्यक्षता में प्लास्टिक प्रीमियर लीग अंतर्गत जनजागरूकता अभियान आज से निरंतर जारी है। इसी क्रम में हरिपर्वत जोन में घटिया मार्केट एवं सब्जीमंडी में ताजगंज जोन अंतर्गत बसई सब्जी मंडी में सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने सभी दुकानों, रेडी ठेले पर डस्टबिन सुनिश्चित करने खुले में कटे हुआ फल न बेचने, मार्केट में कपड़े जूट के थैलों का प्रयोग करने के लिए अभियान चलाया खुले में गंदगी फैलाने वालों को चेतावनी दी गई। बसई मंडी के अधिकारियों से मंडी को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने के लिए मीटिंग भी की गई। हरिपर्वत जोन के जेडएसओ इंद्रजीत सिंह एसएफआई नुपुर सिंह ताजगंज से जेडएसओ महेंद्र सिंह, एसएफआई मलखान सिंह नगर निगम सुपरवाइजर सहित संवेदना डेवलपमेंट सोसायटी की टीम उपस्थित रही। स्वच्छ भारत मिशन के सलाहकार डॉ. बलजीत सिंह ने बताया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देशन में सभी मार्केट क्षेत्रों सब्जी,फल मंडियों में प्लास्टिक मुक्त एवं डस्टबिन सुनिश्चित करने हेतु अभियान निरंतर जारी रहेगा। खुले में कूड़ा डालने वालों रेड येलो स्पॉट पर भी कार्रवाई की जाएगी।





## भाजपा महानगर अध्यक्ष का स्वागत

**आगरा** एनएनआई। भारत विकास परिषद एकलव्य शाखा द्वारा होटल क्लार्क इन में नवनियुक्त भजापा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता का स्वागत सम्मानि किया गया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने विशेष रूप से राजकुमार गुप्ता का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल सारस्वत ने किया। इस अवसर पर प्रशांत मिश्रा, शैलू पंडित, हरिदेश बघेल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य से मिले राजकुमार गुप्ता



पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला दीक्षित के निवास पर पहुंच कर महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने स्वास्थ जानकारी ली एवं जल्द स्वस्थ होने की प्रभु से प्रार्थना की।

# ताज उत्सव में बिखरे इंद्रधनुषी रंग

## सैकड़ों कलाकारों ने किया प्रतिभाग, जीते पुरस्कार

एनएनआई

**आगरा।** नटरांजलि थियेटर आर्ट्स द्वारा अखिल भारतीय कला संस्कृति और साहित्य का महासंगम ताज उत्सव का दो दिवसीय आयोजन यूथ हॉस्टल में शुरू किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, इंजी. राजकुमार शर्मा, गौरव शर्मा, रोहित कत्याल, ब्रजेश पंडित, रितु गोयल ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संस्कृति संवर्धक डॉ. विजय किशोर बंसल ने मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि राजकुमार गुप्ता ने सभी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मैं हमेशा संगीतमय रहता हूं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर की सोई हुई कला को जगाये रखना चाहिए जिससे समाज में सकारात्मकता का संचार हो।

मंचीय प्रस्तुति में सर्वप्रथम अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार रानी जैन (हरियाणा) ने नवदुर्गा स्तुति प्रस्तुत की। भरतनाट्यम विधा में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति दी पश्चिम बंगाल से दीक्षा सरकार, प्रिया तिवारी, अग्नीता साहा ने। कथक विधा में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति दी मध्यप्रदेश से अमिती कांत, श्रुति शर्मा, विदुषी तिवारी ने। ओडीसी विधा में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति दी शुभा लक्ष्मी राम ने, योगा इंटरनेशनल चैम्पियन बर्षा बेरा ने। ताज कला शिरोमणि सम्मान से बिधान चन्द्र दास को, गुरु सम्मान से अलोके भादुरी (पश्चिम बंगाल), सुबल साखा देनरे (पश्चिम बंगाल), सास्वती सेन





(झारखंड), शुभा लक्ष्मी राम (ओडीशा) को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर शबाना खंडेलवाल, डॉ गरिमा गुप्ता, सोनू कक्कड़, करुणानिधि गर्ग, अमित ग्वाला, मनमोहन कुशवाह, आदर्श नंदन गुप्ता, शरद गुप्ता, डॉ आनंद राय, डॉ महेश धाकड़, वीरेंद्र मित्तल, नितिन जौहरी, अजय दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन अलका सिंह शर्मा ने किया तथा सहयोग राजदीप ग्रोवर, अरुन भारद्वाज, सिंधु द्विवेदी, विनीता सिंह, गुंजन पलवार का रहा।

### प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार हैं:

लोक नृत्य प्रथम – रुप्सा घटक, शुभो खामरूई, काकुन कोले
द्वितीय – तनिष्ठा मुर्मु, त्रिषा रॉय
सेमी क्लासिकल प्रथम – स्पेशल चाइल्ड रुपांजन सेन।
ओडिसी प्रथम – अभिप्शा राउत,
द्वितीय – विशाखा प्रियदर्शिनी
मॉडर्न प्रथम – तियाशा उदकरी,
द्वितीय – रिमी गोराय
अभिव्यक्ति – सायन पाल,
कथक – झिलिक पाल, द्वितीय – इशिता दत्त।
क्येटिव डांस प्रथम – अंकिता गोस्वामी, द्वितीय – पायल पात्र।
निर्णायक मंडल में बिधान चन्द्र दास, विदुषी सिंह, अलोक भादुड़ी ने रहे।

# साईं लीलाशाह के 145वें जन्मोत्सव पर निकली भव्य रथ यात्रा



एनएनआई

**आगरा।** श्री कृष्ण गौशाला शाहगंज आगरा पर साईं लीलाशाह का 145 व जन्मोत्सव पर्व हर्षोल्लास व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भव्य रथ यात्रा भी निकाली गई।

समाज के पुरोहित जयकिशन शर्मा द्वारा विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ सतगुरु जी का दुग्धभिषेक हवन यज्ञ छप्पन भोग का प्रसाद तथा गौशाला कमेटी द्वारा गौवंश को भंडारा कराया गया। भजन सत्संग कीर्तन की अमृतवर्षा स्वामी गुरमुख दास उदासीन के मुखारविंद से सभी श्रद्धालुओं ने श्रवण की अमृतवाणी भजन कीर्तन सुन संगत निहाल हुई। शाम 7 बजे भव्य रथयात्रा निकाली गई। भव्य सजे रथ पर विराजमान साईं जी के रथ को श्रद्धालुओं ने खींचा। माथे तिलक गले में पटका पहने सभी श्रद्धालु बैंड बाजों की मधुर भक्ति धुनों पर साईं जी के भजनों पर झूमते नाचते रथ यात्रा के साथ चले। रथयात्रा का जगह जगह बाजार कमेटी द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा का नगर भ्रमण कृष्ण गौशाला से शुरू होकर लाडली कटरा, सोरों कटरा, शाहगंज चौराहा, रुई की मंडी, गुरुठाकुर नाथ चौराहा, जोगी पाड़ा, भोगीपुरा, सीओडी तिराहा, साकेत कालोनी होकर श्री कृष्ण गौशाला पहुंची।

इस अवसर पर डॉ आलौकिक उपाध्याय, चन्द्र प्रकाश सोनी, घनश्याम देवनानी, श्याम भोजवानी, गिरधारी लाल, लता भगत्यानी, महेश, भावना मंगरानी, भगवान, दिव्या आवतानी, मनीष, रिया हरजानी, श्याम चांदनी भोजवानी, हेमंत, पूजा भोजवानी, जयप्रकाश, वर्षा धमर्णी, रवि दुबे, अनिल शर्मा, विकास स्वाति गुप्ता, जेके मदनानी, मेघराज दयालानी, किशोर बुधरानी, नारायण दास लालवानी, हिम्मत रामानी, रवि छाबड़ा, सुरेश शीतलानी, कपिल पंजवानी, सुनील कर्मचंदानी, नरेश लखवानी, मुरलीधर पहलाजानी, ज्ञानचंद मुलानी, अशोक दीपा लालवानी, पुरनचंद, हरीश होतचंदानी, सोनू मदनानी, लाल मोटवानी, डॉ अक्षय गैलानी, डॉ एसके वीरानी, सौरभ, कमल जुमानी, आशु मूलचंदानी, कपिल पंजवानी, कुणाल जेठवानी, मनोज, नरेंद्र पुरुषनानी, जितेंद्र तिरलोकानी आदि रहे।



## भाजपा जिलाध्यक्ष का फतेहाबाद में हुआ स्वागत

प्रशांत पौनिया के भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार फतेहाबाद बटेश्वर आगमन पर ठाकुर संजय जादौन के नेतृत्व में स्वागत किया गया। मुख्य रूप से पंडित श्याम बिहारी शर्मा, दिनेश, संजय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजा की मंडी चौराहे से हटे बैरियर

एनएनआई

**आगरा।** पुराने शहर को जोड़ने वाला मुख्य व प्रमुख मार्ग राजा मंडी चौराहा, जो नूरी दरवाजा और राजा मंडी बाजार को जोड़ता है, अब बैरिकेडिंग मुक्त हो गया है।

नूरी दरवाजा व राजा मंडी बाजार को जोड़ने वाले प्रमुख चौराहे पर कई वर्ष पूर्व बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते का आवागमन अवरुद्ध कर दिया गया था। आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टी एन अग्रवाल, शहीद भगत सिंह पेठा कुटीर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राजा मंडी एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक द्वारा



व्यापारी व व्यापार हित में कई वर्षो के संयुक्त अथक प्रयास से बैरिकेडिंग को हटवाकर रास्ते को सुगम सुचारु करने कई प्रयास किये जो अब जाकर सफल व सार्थक रहे। पुराने शहर को जोड़ने वाले इस मुख्य व प्रमुख चौराहे पर बैरिकेडिंग लगने से जहाँ ट्रैफिक की समस्या बढ़ गयी थी। वहीं व्यापार भी प्रभावित होने के साथ साथ रॉन्ग साइड समस्या व अन्य कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो गई थी।



# धधका चंबल का बीहड़

## 5 बीघा रकवे में झाड़ियां हुई खाक, नहीं पहुंच सकी दमकल

एनएनआई



**बाह।** खेड़ा राठौर के भगवानपुरा गांव में सोमवार शाम 3 बजे चंबल के बीहड़ में आग लग गई। आग की लपटें उठने पर ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई। लेकिन दुर्गम जंगल में रास्ता न होने की बजह से दमकल की छोटी या बड़ी गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच सकी। लिहाजा अ?गिनशमन विभाग की टीम ग्रामीणों की मदद से मिट्टी डाल कर और डंडों से पीट पीट कर आग बुझाने को जूझती रही। शाम 7 बजे करीब 4 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बीहड़ के 5 बीघा रकवे के दायरे में फैल गई थी। जिससे घास फूस के साथ ही बीहड़ की झाड़ियां जल कर नष्ट हो गई। नदी क्षेत्र से 500 मीटर की दूरी पर आग लगने से बीहड़ क्षेत्र में मौजूद वन्य जीव लकड़बग्घे, तेंदुए, सियार, लोमड़ी आदि को जान बचाने के लाले पड़ गये। बाह के रेंजर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आग से घास फूस जला है। अग्नि प्रभावित क्षेत्र में कोई पौध रोपण नहीं था। कोई वन्य जीव हताहत नहीं हुआ है।

## गृह क्लेश के चलते महिला ने लगाई फांसी

**कासगंज** एनएनआई। सदर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में एक 35 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, वहीं घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जंहा मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है, महिला की मौत के बाद उसके घर में मातम का माहौल छाया हुआ है।

बतादे मृतक 35 वर्षीय महिला का नाम राज कुमारी पत्नी रक्षपाल था। दोनो पति पत्नी कासगंज जिले के थाना सहावर क्षेत्र के धन सिंह पुर गांव के रहने वाले थे। और पति पत्नी के बीच आपस में विवाद चल रहा था। जिसके बाद महिला राजकुमारी कासगंज शहर के आवास विकास कॉलोनी में अनुप नाम के व्यक्ति के मकान में किराएं पर रहने लगी। सोमवार को परिवार क्लेश के चलते महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं इस घटना के बाद आस पड़ोस के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जंहा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा है। वहीं पुलिस शव फोरेंसिक की टीम महिला की मौत के मामले की जांच कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, पांच घायल




एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** जयपुर हाईवे पर मंडी गुड़ के समीप कोलकाता से आए सैलानियों की इनोवा कार की टक्कर ट्रक से हो गई। इस हादसे में कार सवार दामाद की मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा ।वही मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार कोलकाता नवासी तपनजाति हलदार अपनी पत्नी, बेटी, नाती व दामाद के साथ घूमने सीकरी आ रहे थे। इसी दरमियान मंडीगुड़ नहर के निकट सामने से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी । हादसे के बाद कार का पहिया कार से निकल अलग हो गया। कार में सवार सैलानी कार में फस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे काट कर कार सवारों को बाहर निकाल उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां दमाद अनिरुद्ध प्रधान की मौत गई। वही तपनजीत व पत्नी शुक्ला हालदार, पुत्री सुदर्शना प्रधान, नाती आयुष प्रधान व कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु आगरा भेजा गया। पुलिस ने ट्रक को हिरासत में लिया है वहीं चालक मौके से फरार हो गया।

# दंगल में खेले गए कुश्ती के रोचक मुकाबले

**कागारौल** एनएनआई। बघा सोनिगा के प्रांगड़ में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ग्यारस के दिन 24 मार्च को दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे से विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान के पहलवानों ने भाग लिया। दंगल में आखिरी कुश्ती शिवा पहलवान ने जीती। दंगल की शुरूआत 100 की कुश्ती से शुरू होकर 11000 रुपए की कुश्ती तक पहुंची। 5100 रुपए की कुश्ती पंकज पहलवान बघा सोनिगा व राम किशोर पहलवान आगरा के बीच हुई जिसमें पंकज पहलवान बघा सोनिगा विजई रहे, 5100 की कुश्ती की जरूआ कटरा



सौरभ पहलवान ने नौनी के ललित पहलवान को हरा दिया। 5100 की कुश्ती सौंख के हेमू पहलवान ने कचोरा के छोटू पहलवान को हराकर जीती। 5100 की कुश्ती अकोला के राहुल पहलवान ने जरूआ कटरा के नरेश पहलवान को हराकर जीती।

दंगल मे रेफरी की भूमिका मे लाखन पहलवान व उम्मेद पहलवान,प्रेम पहलवान आदि ने निभाई। संचालन अशोक सिंह चाहर , पूर्व प्रधान सत्यपाल सिंह , हाकिम सिंह प्रधान, लाखन पहलवान,गोविंद कैप्टन, मान सिंह प्रधान व रामवीर मास्टर , तथा भूपाल चाहर मुन्ना चाहर ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता कप्तान सिंह चाहर ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी शौर्येन्द्र सिंह चाहर (लालू भईया ),जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉक्टर संजय सिंह,अरुण प्रताप , ब्रज किशोर मास्टर, अमित पत्रकार, आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# गल्ला व्यापारी के साथ लूट का खुलासा

**कासगंज** एनएनआई। सहावर कोतवाली क्षेत्र में गल्ला व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पुलिस और एसओजी टीम ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों मे से एक आरोपी की पुलिस से मुठभेड हो गई। मुठभेड के दौरान पुलिस की एक गोली आरोपी के पैर में जा लगी। जिससे आरोपी घायल हो गया। वहीं पुलिस कार्यवाई में दो लूटेरे फरार हो गए। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है, वहीं घायल आरोपी को पुलिस ने इलाज के लिए कासगंज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

आपको बतादे रविबार की सुबह 10 बजे सहावर कस्बा निवासी दाऊ वार्ष्णेय की सहावर गंजडुंडवारा रोड पर मुलायम सिंह इंटर कॉलेज के समीप श्रीजी ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से गल्ले की आढत पर जा रहा था। तभी आढत के पास अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाशो ने दाऊ वार्ष्णेय से पैसों से भरा थैला छीनकर फरार हो गए। थैले में 5 लाख की नगदी दुकान की चाबी और अन्य सामान रखा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़ित ने अज्ञात वदमाशो के विरूद्व तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने सभी सीमाओं को सील करके लूटेरों की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं बीती देर रात को पुलिस और एसओजी टीम की लूटेरों के बीच चाड़ी रोड पर याकूतगंज और नबाबगंज गांव के जंगल में मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली जा लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पुलिस ने घायल युवक की पहचान जनपद सम्भल के बहावर की मढैया गांव निवासी शिव कुमार पुत्र सुरेश बघेल के रूप में की। वहीं दो लूटेरे अंधेरे के फायदा उठाकर फरार हो गए। वहीं पुलिस को घायल लूटेरे के पास से लूटी हुई नगदी 40 हजार रुपये, 1 तमंचा और जिंदा और खोखा करतूस बरामद किए है। पुलिस ने घायल को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला



**पिनाहट** एनएनआई। सरकार के द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। जिसके लिए अलग-अलग तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं सोमवार को पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र के गांव छदामी पुरा आंगनबाड़ी केंद्र का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। ये वीडिओ 28 सेकेंड का है, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र पर शिक्षक के इंतजार में बाहर बच्चे बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। केंद्र पर ताला लगा हुआ है। इसका ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी शिक्षक के इंतजार में बच्चे घंटो इन्तजार कर कर के चले जाते हैं । इनके ऊपर कोई कार्यवाही भी नहीं होती । ग्रामीण से समय से आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाने की मांग की है।

# चार माह में भी पुलिस नहीं खोल सकी लाखों की चोरी

**जैतपुर** एनएनआई। कस्बा क्षेत्र के थाना चित्राहाट के अंतर्गत आने वाले गांव शाहपुर ब्राह्मण में बीती साल 2 दिसंबर की मध्य रात्रि को चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया था जहां से चोर 8 लाख से अधिक के सोने चांदी के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर गए थे इस मामले को लगभग चार माह पूरे होने को है लेकिन चित्राहाट पुलिस की नीरसता के चलते अभी तक घटना का कोई सुराग नहीं लग सका है इतना ही नहीं पीड़ित परिवार के द्वारा संदिग्ध युवक का नाम एवं सीसीटीवी कैमरे में फोटो दिखाने के बाद भी चित्राहाट पुलिस अब तक संदिग्ध को पकड़ नहीं पाई है जिससे पीड़ित परिवार के साथ-साथ ग्रामीणों में पुलिस की लापरवाही को देखते हुए आक्रोश है जल्द ही पीड़ित परिवार आला अधिकारियों के साथ साथ सीएम कार्यालय पहुंचकर चोरी की घटना के खुलासे की मांग करेंगे।

जानकारी के अनुसार चित्राहाट थाने के अंतर्गत शाहपुर ब्राह्मण गांव निवासी राजेंद्र दुबे पुत्र रुद्र नारायण दुबे बीते साल की 2 दिसंबर को अपनी भांजी की शादी में इटावा गए हुए थे उसी दौरान मध्य रात्रि को चोरों ने राजेंद्र और उनके चाचा गंगा चरण के घर पर धावा बोल दिया था चोर पूर्व प्रधान राजेन्द्र दुबे के घर से एक लाख पचहत्तर हजार रुपए नकद और सोने चांदी के जेवरात और लाइसेंसी रिवाल्वर के छह राउंड चोरी कर ले गए थे, वही उनके चाचा गंगा चरण के घर से बक्से में रखे 45000 रुपए नकद चुरा ले गए थे इसी बीच उनकी चोरों से भिड़ंत भी हो गई थी, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर भाग गए। इस घटना को अब लगभग चार माह पूरे होने को है लेकिन चित्राहाट पुलिस खाली हाथ है। जिसको लेकर पीड़ित परिजनों में पुलिस के ढीले रवैए के चलते आक्रोश है। वही पीड़ित राजेंद्र दुबे ने बताया कि ठाणे की जिम्मेदार अधिकारी कई महीनो से झूठा आश्वासन देकर हमें आल्हा अधिकारियों के पास जाने से रोक देते हैं और धैर्य रखने के लिए दबाव बनाते हैं

सीसीटीवी में संदिग्ध को दिखाने के बाद भी पुलिस ने उसे अब तक नहीं पकड़ा घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए संदिग्ध व अन्य युवकों की फोटो पीड़ित परिवार के द्वारा चित्राहाट पुलिस को दिखाने के बाद भी पुलिस ने ना तो सीसीटीवी कैमरे में दिखाई गई चार पहिया वाहन के मालिक से पूछताछ की है और ना ही कार से उतरे संदिग्ध युवकों के बारे जानकारी लेने में ही पुलिस ने कोई पहल की है पीड़ित परिवार का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ संदिग्ध युवक वही है जिस पर उन्हें पहले से ही शक था बार-बार पीड़ित परिवार द्वारा आग्रह के बाद भी अभी तक चित्राहाट पुलिस ने पीड़ित परिवार द्वारा दिखाए गए सीसीटीवी कमरे में कैद फोटो की छानबीन गंभीरता से नहीं की है ।

## संपादकीय

# धरने से आगे क्या करेंगे किसान!

शंभू बॉर्डर पर 13 महीनों से मोर्चा जमाए किसानों को पंजाब पुलिस ने जबरन हटा दिया।किसानों का 404 दिन पुराना आंदोलन मात्र चार घंटे में ही कुचल दिया गया। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर सीमेंट बैरिकेड तोड़ दिए गए, अस्थायी ढांचे, मंच और तंबू उखाड़ दिए गए। अनाज, सब्जियां आदि सडक पर बिखेर दी गईं। प्रमुख नेताओं सहित सैकड़ों किसानों को हिरासत में लिया गया है।वैसे, केंद्र और पंजाब सरकारों का रुख सख्त हो रहा था, इसके संकेत पिछले कुछ समय से मिल रहे थे।

संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) के नेता अगर आत्म-मंथन करें, तो उन्हें भी यह अहसास होगा कि उनका धरना गतिरुद्ध हो चुका था।ऐसी स्थिति में सरकार उसे अनंत काल तक चलने देती, यह अपेक्षा निराधार थी।प्रमुख किसान नेता केंद्रीय मंत्रियों के साथ 7वें दौर की बातचीत कर रहे थे। जब वे लौटे, तो सब कुछ बिखर चुका था। पंजाब में ऐसी पुलिसिया कार्रवाई चौंकाती है, विरोधाभास की व्याख्या भी करती है, क्योंकि दिल्ली बॉर्डर पर किसान आंदोलन के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने आंदोलनकारियों को भोजन, पानी, शौचालय की सुविधाएं मुहैया कराई थीं। तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने किसानों को जेल में डालने के केंद्र सरकार के आग्रह तक को खारिज कर दिया था। पंजाब में भी ह्यआपह्व की सरकार है और भगवंत सिंह मान मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी दिलाने का वायदा किया था। अब ह्यआपह्व के सामने लुधियाना उपचुनाव की चुनौती है, लिहाजा व्यापारियों और उद्योगपतियों के गंभीर दबाव में किसानों को खदेड? का फैसला लेना पड़ा। संघर्ष का उसका तरीका आरंभ से ही समस्या-ग्रस्त था। इसके जरिए 2020-21 में दिल्ली से लगी तीन सीमाओं पर कामयाब हुए बहुचर्चित धरने की सफलता को दोहराने की उम्मीद जोड़ी गई थी। मगर, एक तो एक जैसा तरीका बार-बार कारगर नहीं होता; दूसरे, प्रस्तावित कानूनों पर प्रतिरोध और न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी जैसी सकारात्मक मांगों को मनवाने के बीच फर्क होता है। इसके लिए समान हित वाले समूहों के साथ व्यापक एकता कायम करते हुए दीर्घकालिक आंदोलन की राह अपनाना अनिवार्य है।संयुक्त किसान मोर्चा ऐसी ही राह की तलाश में था, जब अराजनीतिक गुट के नेताओं ने उससे खुद को अलग करते हुए पुराने तरीकों के जरिए सिर्फ अपने लिए कुछ हासिल करने की रणनीति अपना ली। इससे किसान आंदोलन बंटा। एक खास तरह की राजनीतिक- अर्थव्यवस्था की पोषक वर्तमान सरकार के लिए यह अच्छी खबर थी। जब अराजनीतिक गुट के प्रतिरोध की सीमित धार भी भोथरी नजर आने लगी और यह सुर्खियों से हट गया, तो सरकार ने उसे धरना हटा देने के उचित अवसर के रूप में लिया है। किसान नेताओं को इस घटनाक्रम से सबक लेना चाहिए। उन्हें अपनी लड़ाई के व्यापक संदर्भ को समझते हुए कारगर रणनीति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। वरना, फिलहाल खतरा एक समय संभावनापूर्ण दिखे किसान आंदोलन के पृष्ठभूमि में समा जाने का है।पंजाब में फरवरी, 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। साफ है कि आंदोलित किसानों का तबका तो ह्यआपह्व के खिलाफ जनमत देगा। वैसे आंदोलन के मद्देनजर किसान संगठन बिखर कर खंड-खंड हो चुके हैं, लिहाजा सभी वाताएं बेनतीजा साबित हो रही हैं। चंडीगढ़ की 7वीं बैठक के दौरान किसानों ने एक दस्तावेज-सा पेश किया था, जिसके मुताबिक एमएसपी की कानूनी गारंटी पर 25-30,000 करोड़ रुपए खर्च होने का आकलन किया गया था। किसानों को यह भी दो टूक कहा गया कि यदि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी गई, तो पंजाब से गेहूं और धान की खरीद का कोटा अन्य राज्यों के साथ बांटना पड़ेगा। पंजाब से जो सर्वाधिक सरकारी खरीद की जाती है, वह कोटा भी कम हो जाएगा। बताया जाता है कि इस पर किसान चौंक कर खामोश हो गए। चूंकि एमएसपी पर बेनतीजा बैठकों के ही दौर चल रहे हैं, लिहाजा अब हमारा भी अंदेशा यह है कि मोदी सरकार एमएसपी को कानूनी गारंटी नहीं देगी।आंदोलन बिखरने और एमएसपी का संवाद भी, अंततः, टूटने के बाद यह सवाल मौजू है कि अब किसान क्या करेंगे? अब शंभू के साथ-साथ जींद (हरियाणा) से सटे खनौरी बॉर्डर को भी किसान-मुक्त करा लिया गया है। औद्योगिक संगठनों के आकलन थे कि किसान आंदोलन के कारण इन 404 दिनों में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। हर रोज के करीब 72 लाख रुपए टोल टैक्स का भी नुकसान झेलना पड़ा है। चूंकि सीधा असर पंजाब की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है, लिहाजा करीब 70 लाख लोगों का रोजगार भी प्रभावित हुआ है। बहरहाल, एमएसपी की कानूनी गारंटी का मुद्दा ह्यजुमलाह्व साबित हो सकता है, क्योंकि इस पर देशभर के किसान एकमत-एकजुट नहीं हैं।

# नवरात्रि पर कलश स्थापना के लिए 50 मिनट का शुभ मुहूर्त



डॉ शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि की विशेष धार्मिक मान्यता होती है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूरे मनोभाव से पूजा की जाती है। माना जाता है कि नवरात्रि पर पूजा करने से माता रानी भक्तों से प्रसन्न होती हैं और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। जीवन से कष्टों के निवारण और घर में खुशहाली के लिए भक्त देवी का पूजन करते हैं। इस साल चैत्र नवरात्रि कब से शुरू हो रही है, किस शुभ मुहूर्त घट स्थापना की जा सकती है और किस तरह नवरात्रि के पहले दिन माता रानी का पूजन करें, जानिए यहां।



पंचांग के अनुसार, चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होती है। साल 2025 में चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च, दोपहर 4 बजकर 27 मिनट से शुरू हो रही है और इस तिथि का समापन अगले दिन 30 मार्च की दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर हो जाएगा।

उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए नवरात्रि का व्रत रखा जाता है। इसीलिए चैत्र नवरात्रि का पहला व्रत 30 मार्च, रविवार के दिन रखा जाएगा और इसी दिन कलशस्थापना की जाएगी। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है।

इस साल घटस्थापना का शुभ मुहूर्त 30 मार्च की सुबह 6 बजकर 13 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। इस समयावधि में कलशस्थापना की जा सकती है। लेकिन, कलश स्थापना का सबसे शुभ मुहूर्त यानी अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 1 मिनट से शुरू होकर 12 बजकर 50 मिनट तक रहने वाला है। इस मुहर्त में घटस्थापना करना अत्यधिक लाभकारी होगा।

**इस तरह करें पूजा संपन्न**

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन पूजा करने के लिए पूजाघर की सफाई करें और चौकी पर लाल कपड़ा बिछा लें। अब मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं। कलशस्थापना के लिए कलश लेकर उसमें गंगाजल भरें और उसमें दूर्वा घास, सिक्के और सपारी डालकर कलश को जौ के बर्तन के ऊपर रख दें। इसके बाद मां दुर्गा का ध्यान करते हुए कलश को मां दुर्गा के समक्ष रख दें। नौ दिनों तक कलश माता की चौकी पर सजा रहता है।



माता की पूजा करने के लिए उनके समक्ष पूजा की सामग्री अर्पित करें, आरती करें, मंत्र पढ़ें और भोग लगाकर पूजा का समापन करें। पूजा की सामग्री में लाल कपड़ा, दीया, कलावा, फूल, फल, गुड़, हल्दी की गांठ, सिंदूर, मिठाई, अक्षत, नारियल, गंगाजल, अगरबत्ती और पंचामृत आदि शामिल किए जाते हैं।

# राम नवमी पर करें मंत्रों का जाप, पूजा विधि और शुभ मुहूर्त

राम नवमी का पर्व हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था, जिन्हें विष्णु का सातवां अवतार माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम ने धरती पर अधर्म का नाश करने और धर्म की पुनः स्थापना के लिए अवतार लिया था। इस दिन को हिंदू धर्म में बहुत ही शुभ माना जाता है। राम नवमी का पर्व हर हिंदू परिवार में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, लेकिन अयोध्या में इसकी भव्यता देखते ही बनती है।

**राम नवमी 2025 तिथि**

इस साल  चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि का प्रारम्भ 5 अप्रैल की शाम को 07:26 बजे होगा और समाप्त 6 अप्रैल की शाम 07:22 बजे होगा। ऐसे में इस साल राम नवमी का पर्व 6 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन चैत्र नवरात्रि का समापन भी होगा, इसलिए यह दिन और अधिक पावन माना जाएगा।

**पूजा का शुभ मुहूर्त**

राम नवमी के दिन मध्याह्न पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11:08 बजे से लेकर दोपहर 1:39 बजे तक रहेगा। यह अवधि 2 घंटे 31 मिनट की रहेगी। हालांकि, मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम का जन्म दोपहर 12 बजे हुआ था, इसलिए 12:34 का समय विशेष रूप से शुभ माना जाता है और इस समय पूजन और अभिषेक करने से अत्यधिक पुण्य की प्राप्ति होती है।

**राम नवमी पूजा मंत्र**

इस दिन श्रीराम के विभिन्न मंत्रों का जाप करने का विशेष महत्व होता है।

"ॐ श्री रामचन्द्राय नमः"

"ॐ रां रामाय नमः"

श्रीराम तारक मंत्र "श्री राम, जय राम, जय जय राम"

श्रीराम गायत्री मंत्र "ॐ दाशरथये विद्महे, सीतावल्लभाय धीमहि। तन्नो रामः प्रचोदयात॥"

इस दिन इन मंत्रों का जाप करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

**पूजा विधि**

राम नवमी के दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान करने और सूर्यदेव को जल अर्पित करने का विशेष महत्व है। इस दिन व्रत का संकल्प लेने के बाद घर के मंदिर को अच्छे से साफ कर भगवान राम की प्रतिमा स्थापित की जाती है। दोपहर 12 बजे के करीब श्रीराम का गंगाजल, पंचामृत और शुद्ध जल से अभिषेक किया जाता है।  पूजा में तुलसी पत्ता और कमल का फूल रखना शुभ माना जाता है। फिर षोडशोपचार विधि से भगवान राम की पूजा की जाती है और खीर, फल एवं अन्य मिठाइयों का भोग लगाया जाता है। इस दिन राम रक्षा स्तोत्र, सुंदरकांड और रामायण का पाठ करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है।




हिना की ड्रेस पर मचा बवाल

# मुस्लिम फैंस ने सुनाई खरी-खोटी

हिना खान पर एक तरफ उनके फैंस जान लुटाते हैं तो एक तरफ उन्हें अपशब्द भी कहने से पीछे नहीं हटते। कैंसर की जंग के बीच फैंस ने हिना खान को आड़े हाथों लिया है। हाल ही में हिना खान उमराह करने मक्का मदीना गई हुई थीं। उमराह करके वापस लौटते ही हिना खान एक इवेंट में पहुंचीं। जहां लोगों ने उनकी खूब तारीफ की। उन्हें एक फाइटर बताया। अब उसी इवेंट के वीडियो पर मुस्लिम फैंस उन्हें भला- बुरा कह रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक बार फिर हिना खान और उनका वीडियो वायरल हो रहा है। हिना खान को कैंसर से लड़ने के लिए उनके फैंस हिम्मत देते रहते हैं। वह हिना की छोटी और बड़ी हर वीडियो को पसंद करते हैं। अब ऐसे में हिना खान के जिस वीडियो को मुस्लिम फैंस ने नकारा है उसमें हिना खान ने शॉट ड्रेस पहनी हुई है। हिना इवेंट में ब्लैक कलर की मिनी ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। इसके साथ उन्होंने ब्लैक कलर का स्टॉकिंग भी पहना हुआ था। उन्होंने मीडिया के सामने जमकर पोज दिए, साथ ही यह भी बताया कि अब उनके बाल निकल रहे हैं, जो कीमोथेरेपी की वजह से झड़ गए थे। जहां हिना खान के फैंस को वायरल हो रहे वीडियो में उनका ये लुक पसंद आया, वहीं हिना खान के मुस्लिम फैंस उनका ये लुक देख उन पर अपना गुस्सा जाहिर करने लगे हैं। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, हिना तुम अभी तो उमराह करके आई हो और तुमने ऐसे कपड़े पहन लिए। दूसरे ने लिखा, रमजान के पाक महीने में भी ऐसे कपड़े। तीसरे ने लिखा, भले ही हम तुमसे प्यार करते हैं, लेकिन जो गलत है वह गलत है। एक अन्य यूजर ने लिखा, हिना तुन मक्का महीना इतनी अच्छी जगह गई थी और वहां से आकर ये पहने लिया।

# अथिया-राहुल को मिला बेटी का आर्शीवाद मिला

क्रिकेटर केएल राहुल और अभिनेत्री अथिया शेट्टी एक बच्ची के माता-पिता बन गए हैं। अथिया ने सोमवार शाम को इंस्टाग्राम पर एक प्यारी सी पोस्ट के साथ अपनी बेटी के आगमन की घोषणा की। उन्होंने दो हंसों की एक पेंटिंग पोस्ट की, जिस पर एक संदेश लिखा था, एक बच्ची का आशीर्वाद मिला। जैसे ही केएल और अथिया ने खुशखबरी साझा की, प्रशंसकों और फिल्म और क्रिकेट उद्योग के सदस्यों ने टिप्पणी अनुभाग में इस जोड़े को हार्दिक बधाई दी। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने टिप्पणी की, बधाई हो। गले लगो और प्यार करो। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा, बधाई हो दोस्तों। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने टिप्पणी अनुभाग में लाल दिल वाले इमोजी की एक स्ट्रिंग डाली। अथिया शेट्टी और केएल राहुल ने 23 जनवरी, 2023 को खंडाला में सुनील शेट्टी के फार्महाउस में एक अंतरंग समारोह में शादी की। नवंबर 2024 में, अथिया और केएल राहुल ने अपनी गर्भावस्था की घोषणा की, एक



मनमोहक पोस्ट साझा करते हुए, जिसमें लिखा था, हमारा सुंदर आशीर्वाद जल्द ही आ रहा है। 2025, बेबी फीट इमोजी के साथ। केएल आईपीएल 2025 में अपने पक्ष में बहुत सारी सकारात्मक गति के साथ आगे बढ़ेंगे, जिन्होंने भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बल्लेबाजी क्रम में कई पदों पर खेलने वाले केएल को छठे नंबर की जिम्मेदारी दी गई थी, क्योंकि टीम भारत के लिए कउ चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अभियान के दौरान टीम को अतिरिक्त गहराई देने के लिए अक्षर पटेल को पांचवें स्थान पर रखना चाहती थी। राहुल ने मध्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल के दौरान मुश्किल स्थिति में 33 गेंदों में 34* रन बनाए। पांच मैचों और चार पारियों में केएल ने 140.00 की औसत और 97.90 की स्ट्राइक रेट से 140 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 42* रहा।

## कॉन्सर्ट में देरी से पहुंचने पर फूट-फूटकर रोने लगीं नेहा कक्कड़

बॉलीवुड की फेमस सिंगर नेहा कक्कड़ अपनी आवाज से तो फैंस को दीवाना बनाती हीं हैं, लेकिन उनकी स्माइल को भी लोग बेहद पसंद करते हैं, लेकिन हाल ही में नेहा कक्कड़ हंसी नहीं बल्कि स्टेज पर ही फूट-फूटकर रोने लगीं। इसका पूरा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि कैसे नेहा कक्कड़ रो रही हैं।



पहले तो किसी को कुछ समझ नहीं आया, लेकिन फिर फैंस उन्हें समझाने लगे। ये वीडियो कही और का नहीं बल्कि मेलबर्न कॉन्सर्ट के स्टेज का है जो इस समय सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। नेहा कक्कड़ अक्सर अपने और पति रोहनप्रीत को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, कभी दोनों के तलाक की खबरें आती हैं तो कभी दोनों के उम्र के फासले को लेकर लोग उन्हें ट्रोल करते रहते हैं। लेकिन कभी नेहा को इन बातों का असर नहीं हुआ, लेकिन जब वह ऐसे फूट-फूटकर रोई तो फैंस को समझ आया कि जरूर कुछ हुआ है। दरअसल, नेहा कक्कड़ का एक कॉन्सर्ट था जो मेलबर्न में हो रहा था। वहां नेहा 1-2 नहीं बल्कि पूरे 3 घंटे देरी से पहुंचीं। उनके फैंस और वहां आए लोग उनका इंतजार करते रहे। इसके बाद जब नेहा पहुंची तो उन्होंने गुस्साई भीड़ से माफी मांगी। लेकिन लोगों उनकी एक भी सुनने को तैयार नहीं हुए। नेहा रोने लगीं फिर आंसुओं को रोकते हुए नेहा ने कहा, दोस्तों आप वाकई बहुत प्यारे हैं! आपने धैर्य रखा। इतनी देर से आप लोग इंतजार कर रहे हो। मुझे ये देर से आना बिल्कुल पसंद नहीं है, मैंने ज़िंदगी में कभी किसी को इंतजार नहीं करवाया है। आप इतनी देर से इंतजार कर रहे हो, मुझे बहुत खेद है। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं इस शाम को हमेशा याद रखूंगी। आज आप लोग मेरे लिए इतना समय निकाल कर आए हो। मैं ये सुनिश्चित करूंगी कि मैं आप सभी को नचाऊं।


**नेहा कक्कड़ ने फैंस से मांगी माफी**

नेहा के आश्वासन देने के बाद कई लोग उन्हें सपोर्ट करते हुए ताली बजाने लगे तो कई लोग कमेंट करने लगे। वायरल वीडियो में भीड़ से गुस्साई आवाजें सुनाई दे रही थीं, कुछ लोग चिल्ला रहे थे, वापस जाओ! अपने होटल में आराम करो। एक आदमी ने कहा- आप भारत में नहीं ऑस्ट्रेलिया में हैं। दूसरे ने कहा- हम आपका तीन घंटे से इंतजार कर रहे हैं। तीसरी आवाज में उनका मजाक उड़ाते हुए सुना गया- बहुत बढ़िया एक्टिंग, यह इंडियन आइडल नहीं है। आप बच्चों के साथ परफॉर्म नहीं कर रही हैं।

## कुणाल कामरा के विवाद के बीच समय रैना ने तोड़ी चुप्पी

**लेटेंट पर किए कमेंट पर मांगी माफी**

कुणाल कामरा ने हाल ही में अपने शो के दौरान पैरेडी के जरिए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर करारा तंज कसा जिसके बाद से उनकी मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं. कुणाल कामरा के शो पर मचे बवाल के बीच समय रैना ने



इंडिया गॉट लेटेंट पर किए अपने कमेंट पर खेद जताया है. बीते सोमवार को समय रैना अपने शो पर आपत्तिजनक कमेंट के मामले में महाराष्ट्र साइबर पुलिस के सामने पेश हुए थे. उन्होंने शो पर हुई टिप्पणी पर अफसोस जताते हुए कहा कि उन्हें इस बात का एहसास है कि इंडिया गॉट लेटेंट के मंच पर जो कुछ कहा गया वो गलत था.

समय रैना ने अपने बयान में कहा, मैंने शो पर जो कुछ भी कहा उसका मुझे खेद है. वो कॉमेडी के फ्लो-फ्लो में हो गया. मेरा ऐसा कहने का कोई इरादा नहीं था. कॉमेडियन ने अपनी गलती मानते हुए आगे कहा, मुझे एहसास है कि हमने जो कहा वो गलत था. उन्होंने अधिकारियों को आश्वासन दिया कि वह भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए अधिक सतर्क रहेंगे.

# दिल्ली कैपिटल्स की रोमांचक जीत

## कड़ी टक्कर के बीच लगी रिकॉर्डो की झड़ी






नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 के चौथे मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से जीत दर्ज की, और इस जीत के साथ ही कई दिलचस्प रिकॉर्ड्स भी बना डाले। विशाखापत्तनम में खेले गए इस मैच में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 209/8 का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद दिल्ली को 210 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे उसने तीन गेंद शेष रहते एक विकेट से सफलतापूर्वक हासिल किया। दिल्ली के लिए इस जीत के हीरो रहे आशुतोष शर्मा, जिन्होंने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए महज 31 गेंदों में 66 रन बनाकर टीम को इस ऐतिहासिक जीत तक पहुंचाया। इस पारी में उन्होंने पांच चौके और पांच छक्के लगाए, और अपनी आतिशी पारी के दम पर दिल्ली को शानदार जीत दिलाई।

यह आईपीएल इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स द्वारा चेज किया गया सबसे बड़ा लक्ष्य था। 210 रनों का लक्ष्य आईपीएल में अब तक दिल्ली द्वारा सफलतापूर्वक पीछा किया गया सबसे बड़ा स्कोर बन गया है। यह पहली बार था, जब लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ किसी टीम ने 200 से अधिक रनों का लक्ष्य हासिल किया। साथ ही यह आईपीएल के इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से एक विकेट से जीता गया पहला मैच भी था, जो इस जीत को और भी खास बना देता है।

दिल्ली के लिए यह मुकाबला बेहद कठिन था, क्योंकि एक समय टीम ने 90 रनों पर ही पांच विकेट गंवा दिए थे। लेकिन फिर आशुतोष शर्मा ने शानदार पारी खेली, और विपराज निगम के साथ मिलकर मैच को रोमांचक बना दिया। विपराज ने भी 15 गेंदों में 39 रन बनाए, जिससे दिल्ली को जीत की उम्मीद जगी। आखिरी ओवर में आशुतोष ने छक्का लगाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी दिया गया।

आशुतोष शर्मा की 66 रन की पारी ने न सिर्फ दिल्ली के लिए जीत की राह खोली, बल्कि आईपीएल इतिहास में भी एक नया रिकॉर्ड भी स्थापित किया। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सातवें नंबर या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड अक्षर पटेल और क्रिस मॉरिस के नाम था। अक्षर पटेल ने 2023 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 54 रन बनाए थे, जबकि क्रिस मॉरिस ने 2017 में उसी टीम के खिलाफ 52 रन बनाए थे। इस तरह, आशुतोष शर्मा ने अपनी पारी के साथ दोनों को पीछे छोड़ दिया और दिल्ली के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

आशुतोष शर्मा की पारी सिर्फ दिल्ली के लिए ही नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट के लिए भी खास रही। आईपीएल में सातवें नंबर या इसके नीचे बल्लेबाजी करते हुए किसी भारतीय द्वारा सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड अब उनके नाम है। इससे पहले यह रिकॉर्ड यूसुफ पठान के नाम था, जिन्होंने 2009 में दिल्ली डेयरडेविल्स के खिलाफ 62 रन बनाए थे। इसके अलावा, आशुतोष शर्मा की 66 रन की पारी अब आईपीएल में सफल रन चेज के दौरान सातवें या निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी बन गई है।

## पुणे बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप-1 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा




पुणे। पुणे देश के टेनिस इतिहास में पहली बार प्रतिष्ठित बिली जीन किंग कप एशिया-ओसनिया ग्रुप-1 टूनार्मेंट की मेजबानी करेगा, जबकि महाराष्ट्र 25 साल के अंतराल के बाद 8 से 12 अप्रैल तक म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में इस आयोजन की मेजबानी करेगा। न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, हांगकांग, कोरिया और थाईलैंड सहित एशिया ओसनिया क्षेत्र की छह टीमें, मेजबान भारत के अलावा, राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी, जिसमें सभी मुकाबलों में तीन मैच होंगे - दो एकल और उसके बाद युगल। एमएसएलटीए सचिव सुंदर अय्यर ने कहा, "मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए और महा ओपन एटीपी चैलेंजर की सफलता के बाद, एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए उच्चतम स्तर का एक और आयोजन पाकर रोमांचित है।" अय्यर ने कहा, "एमएसएलटीए ने पुणे में लगभग सभी बड़े टेनिस आयोजनों की मेजबानी की है, लेकिन हमने कभी भी बीकेजेसी या फेड कप की मेजबानी नहीं की है। एआईटीए और एमएसएलटीए ने इस आयोजन के लिए बोली लगाई है, ताकि लड़कियों के लिए घरेलू परिस्थितियों में उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना आसान हो सके।" घरेलू समर्थन और परिचित परिस्थितियों के साथ, भारतीय टीम प्रतियोगिता में अपनी पिछली सफलता को दोहराने और क्षेत्र से उपलब्ध दो योग्यता स्थानों में से एक के लिए मजबूत बोली लगाने का लक्ष्य रखेगी। अंकिता रैना की अगुआई वाली भारतीय महिला टेनिस टीम में सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी (सभी 300 और 358 के बीच रैंक की हैं) भी शामिल हैं। अनुभवी युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे (युगल में 137 रैंक की हैं), जो हाल ही में डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन में उपविजेता रहीं, के शामिल होने से कप्तान विशाल उप्पल को टूनार्मेंट में जाने के लिए कई रणनीतिक विकल्प मिलते हैं। जापान, चीन और कजाकिस्तान जैसी कुछ शक्तिशाली टीमों की अनुपस्थिति के बावजूद, भारतीय टीम को न्यूजीलैंड, थाईलैंड, कोरिया, ताइवान और हांगकांग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। न्यूजीलैंड की लुलु सन, जो वर्तमान में विश्व में 44वें स्थान पर हैं, निस्संदेह प्रतियोगिता की मुख्य खिलाड़ी हैं। उन्हें अपनी टीम की साथी मोनिक बैरी और आइशी दास का समर्थन प्राप्त होगा, क्योंकि वे एक मजबूत छाप छोड़ने का लक्ष्य रखती हैं।

## मंगलवार, 25 मार्च राशिफल

मेष राशि के लिए आज मंगलवार का दिन सुखद और आनंददायक रहेगा। आज आपके घर का वातावरण सुखद और अनुकूल रहेगा। आप आज घर की व्यवस्था पर ध्यान देंगे और इन पर धन भी खर्च करेंगे। आज आपको अपनी मां से हर मामले में सहयोग प्राप्त होगा।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन सफलतादायक है लेकिन इनको कामयाबी पाने के लिए आज अधिक परिश्रम करना होगा। आज आपके घर किसी करीबी रिश्तेदार का आगमन हो सकता है, जिससे परिवार के लोग खुश नजर आएंगे। आपको घर बड़े बुजुर्गों से सहयोग और आशीर्वाद मिल सकता है।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन व्यस्तता में बीतने वाला है। आपको आज कई पेंडिंग काम को निपटाना होगा। काम के दबाव की वजह से आपको थकान और तनाव हो सकता है। आज आपको अपने भाइयों से हर परिस्थिति में सहयोग मिलता नजर आ रहा है, जिससे आपको ताकत मिलेगी।

आज कर्क राशि के लिए सितारे बताते हैं कि आपका दिन आज आनंद और उत्साह में बीतेगा। आपको किसी शुभ और मांगलिक कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपको आज परिवार के सदस्यों से पूरा सहयोग भी मिलेगा। आर्थिक मामलों में भी आपको आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी कोई चाहत पूरी होगी।

सिंह राशि के जातकों के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज संयम और सतर्क होकर चलना होगा। जोखिम वाले काम से आपको आज बचना चाहिए। आर्थिक लेनदेन के मामले में आपको आज सतर्क रहने की जरूरत है। वैसे आज बैंक से लोन लेने का प्रयास करेंगे तो इसमें आपको सफलता मिलेगी।

आज कन्या राशि के लिए सितारे बताते हैं कि आपको आज आर्थिक लेनदेन में सजग और सतर्क रहना होगा। किसी की बातों में आकर निवेश करना नुकसानदायक हो सकता है। आज वाणी की मधुरता आपको कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाएगी और आपके कुछ निए मित्र भी बनेंगे।

तुला राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक और उत्साहवर्धक रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का सम्मान और प्रभाव बढेगा। कारोबार में आपके कोई नई साझेदारी हो सकती है। आज आपको अपने ससुराल पक्ष के संबंधियों से वाद विवाद से बचना होगा।

वृश्चिक राशि के लोगों को आज धर्म कर्म के काम में भाग लेने का मौका मिलेगा। आर्थिक योजना भी आज आपकी सफल रहेगी। छात्रों को आज शिक्षा में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। आपको आज वाणी पर नियंत्रण रखना होगा, अन्यथा कोई बनती बात बिगड़ सकती है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन उलझन भरा रहेगा। किसी बात को लेकर आप वैचारिक उधेड़बुन में रहेंगे। आपको आज अपने काम को पूरा करने के लिए काफी संघर्ष करना होगा। वैसे आर्थिक मामलों में आज का दिन अनुकूल रहेगा, अगर आपने कोई लोन या कर्ज लिया है तो उसे चुकाने में आप सफल रह सकते हैं।

मकर राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुखद रहने वाला है। आपको आज अपने कार्यो में सफलता मिलेगा। कोई महत्वपूर्ण काम आज आपका पूरा हो सकता है। आपको आज सगे संबंधियों से भी सहयोग मिलेगा। वरिष्ठ अधिकारियों से आप लाभ और सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

आज का दिन कुंभ राशि के लोगों के लिए मिश्रित रहेगा। आपको आज विरोधियों और शत्रुओं से सतर्क रहना होगा। वैसे आज आपको नौकरी में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक और सुखद रहेगा। आपको अपने हर प्रयास में भाग्य सफल बनाएगा। बिजनेस में आपको कमाई का मौका मिलता रहेगा। किसी योजना के सफल होने से आपको खुशी मिलेगी। बच्चों की शिक्षा और करियर से संबंधित किसी चिंता और परेशानी का निदान हो सकता है। लेकिन आज किसी करीबी सदस्य की सेहत में नरमी की वजह से आपको परेशानी हो सकती है।

# भाविप नवोदय के होली मिलन समारोह में माता-पिता का सम्मान

## लोक गीतों पर जमकर की मस्ती

एनएनआई




**आगरा।** फतेहाबाद रोड स्थित त्रिवेणी ग्रीन फार्म हॉउस में भारत विकास परिषद नवोदय शाखा की ओर से होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। शुभारम्भ संरक्षक प्रो. सुगम आनंद, अरविन्द चौधरी और संजीव अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुरूआत राधा-कृष्ण के नृत्य के साथ हुई। वृन्दावन के कलाकारों ने मयूर नृत्य व फूलों की होली से समां बांधा। अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता राम भाई और सचिव नितिन अग्रवाल ने बताया कि होली पर संस्था के सदस्यों के करीब 30 माता-पिता का उनके ही बच्चों ने शॉल ओढ़ाकर एक मंच पर सम्मान किया । संस्था की महिला सदस्यों ने रंगी सारी गुलाबी चुनरिया, रंग डालूंगी नन्द के लालन पे... आदि होली के गीतों पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर रजनीश गुप्ता, रेखा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, श्रीनाथ गुप्ता, डॉ. अमित सिंघल, उमेश बाबू अग्रवाल, रामशंकर गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अलका गुप्ता, निधि अग्रवाल, मंजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# हितार्थ आगरा लीड्स फाउंडेशन के शिविर में 110 यूनिट रक्तदान

एनएनआई




**आगरा।** हितार्थ लीड्स अप समूह रक्तदान फाउंडेशन की ओर से दरेसी न. 2 स्थित अचल भवन पर पांचवें स्थापना दिवस पर महारक्तदान शिविर लगाया। इस दौरान रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया। शुभारंभ मनःकामेश्वर मंदिर के महंत योगेश पुरी, भाजपा नेता अलौकिक उपाध्याय और समाजसेवी दीपाली गुप्ता ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष अमर गुप्ता ने कहा कि इटली में रक्तदाताओं को रक्तदान दिवस की वेतन सहित छुट्टी मिलती है। रक्दान छह माह में एक बार अवश्य करें। उपाध्यक्ष रॉबिन गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा होती है। आपके रक्तदान करने से किसी को जीवनदान मिल सकता है। शिविर में 110 यूनिट रक्त इकठ्ठा किया गया। कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता में आए अव्वल बच्चों पुरस्कृत किया । शाम को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद अनुज शर्मा, आदेश सिंघल, रौनक गुप्ता, धीरज जैन, दीपक बंसल, रवि वर्मा, आमेश गुप्ता, सौरभ वर्मा, सुमित गुप्ता, भरत गुप्ता, मनोज गुप्ता, विनोद सराफ, नितेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पंचायत भवन की साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**आगरा (एनएनआई)।** रणवीर सिंह एवं सामुदायिक कार्य पर्यवेक्षक डॉ. राजीव वर्मा के निर्देशन में सामुदायिक विकास क्षेत्रीय कार्य के तहत गांव पथोली में स्वच्छता अभियान जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एमएसडब्ल्यू के छात्रों ने स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए ग्राम प्रधान सहायिका तथा ग्रामीण जनों के साथ पथौली पंचायत भवन पर सफाई कार्यक्रम किया। लोगों को स्वच्छ रहने और अपने गांव को स्वच्छ और हरा - भरा रखने का संदेश दिया । कार्यक्रम के दौरान शिवम मुद्गल ने बताया कि स्वच्छता ही जीवन है और हम अपने आस - पास अगर वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तो हमें आधुनिक बीमारियों से खुद को बचा सकेंगें। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत सहायिका तथा छात्रों में रितु चौधरी, माधवी शर्मा, प्रियंका चौहान, प्रियंका भदौरिया, गुंजन , आर्ची , नमन अग्रवाल, मोनू, मोहित और गांव के आदि लोग मौजूद रहे।







